

पेज -3 पर

किसान हितैषी है मोदी सरकार, भूपेश सरकार किसानों को...

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 216 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, बुधवार 15 जून 2022

धरमजयगढ़ भाजपा कार्यकर्ताओं ने रैली निकाल मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## एक नजर

नेशनल स्कॉलरशिप एग्जाम रिजल्ट

### रायपुर की यशस्वी ने किया टॉप



**रायपुर।** राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा (नेशनल मेंस कम मेरिट स्कॉलरशिप एग्जाम) के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। इस परीक्षा में रायपुर की यशस्वी साहू ने जिले में टॉप किया है। आठवीं के बच्चों को स्कॉलरशिप देने के लिए यह एग्जाम लिया जाता है। यशस्वी अब 9वीं क्लास की स्टूडेंट है हर साल 12000 रुपये स्कॉलरशिप यशस्वी को मिलेगी । यशस्वी ने बताया कि इन रुपयों का इस्तेमाल वह अपने कॉपी, स्कूल ड्रेस, बैग वगैरह लेने में इस्तेमाल करेगी।

एक सामान्य परिवार की बेटी यशस्वी WRS कॉलोनी के सरकारी स्कूल में पढ़ती है। यशस्वी के पिता रमेश कुमार साहू एक टीएमटी प्लांट में स्टोर कीपर है, मा रामा साहू हाउसवाइफ है। यशस्वी ने बताया कि इस एग्जाम में पार्टिसिपेट करने के लिए उन्हें उसके टीचर ने इंस्पायर किया। करीब 2 महीने इस परीक्षा की तैयारी के बाद यशस्वी को कामयाबी मिली। आठवीं क्लास के सिलेबस के आधार पर इस परीक्षा में सवाल पूछे जाते हैं।

# 106 घंटे से 60 फीट नीचे बोरवेल में फंसे राहुल को सुरक्षित बाहर निकाला, अपोलो अस्पताल भेजा

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में बोरवेल के लिए खोदे गए गड्ढे में फंसे हुए राहुल को करीब पांच दिन मतलब पूरे 105 घंटे बाद बोरवेल के गड्ढे से बाहर निकाल लिया गया। पांच दिन तक जिला प्रशासन, पुलिस से लेकर NDRF, सेना, SDRF सहित कई सुरक्षा संस्थानों के सैकड़ों लोग राहुल के रेस्क्यू के लिए दिन-रात प्रयास कर रहे थे।

इन पांच दिनों में राहुल की सतत निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की जा रही थी। उसे भोजन-पानी दिया जा रहा था। उसका हौसला बनाए रखने के लिए लगातार उससे बात की जा रही थी। पांच दिन तक 60 फीट नीचे दबे रहने के कारण और गड्ढे में पानी भरे होने के कारण उसकी हालत गंभीर है। उसे बाहर लाते ही एंबुलेंस से बिलासपुर के अपोलो अस्पताल भेजा गया। जांजगीर कलेक्टर जीतेंद्र शुक्ला ने भास्कर को बताया कि राहुल की स्थिति ठीक है। उसका मूवमेंट कम है, लेकिन



वह इशारे कर रहा है। इससे पहले सेना के जवानों ने पूरे रेस्क्यू की कमान अपने हाथ में ले ली थी। जवान ही टनल के जरिए पहले बोरवेल के गड्ढे तक और फिर राहुल तक पहुंचे। राहुल के अंदर होने के कारण रास्ते की चट्टानों को ड्रिलिंग मशीन से ना काटकर हाथों से तोड़ा गया, फिर अंदर की मिट्टी हटाई गई। ऐसा करते-करते जवान राहुल तक पहुंचे। इसके बाद रस्सी और स्ट्रैचर के सहारे खींचकर राहुल को बाहर लाया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पहले से ही एंबुलेंस, विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम, दूसरे मेडिकल उपकरण सभी कुछ तैयार था। टनल से एंबुलेंस तक कॉरीडोर बनाया गया था और राहुल को स्ट्रैचर के जरिए ही सीधे एंबुलेंस तक लाया गया और रवाना कर दिया गया।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया ट्विट

इस पूरे अभियान पर पहले घंटे से नजर रख रहे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राहुल के दिखते ही ट्विट किया है। उन्होंने कहा कि राहुल के रेस्क्यू ऑपरेशन के खत्म होने का समय आ गया है। जांजगीर से सूचना आ रही है कि चट्टानों को हटाने के बाद अब बचाव दल बोरवेल तक पहुंच गया है और राहुल नजर आने लगा है।

### 112 किलोमीटर दूर है अपोलो अस्पताल

राहुल को बोरवेल से निकालते ही एंबुलेंस से बिलासपुर के अपोलो अस्पताल ले जाया जाएगा। उसके गांव से बिलासपुर की दूरी करीब 112 किलोमीटर है। वैसे तो इस दूरी को तय करने में करीब तीन घंटे लगते, लेकिन प्रशासन ने इस रास्ते को ग्रीन कॉरीडोर में बदल दिया है।

# दिल्ली में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गिरफ्तार

## ट्वीट कर कहा-हम सब याद रखेंगे, कांग्रेस के बड़े नेताओं के साथ विधायक विकास भी हिरासत में

रायपुर/नई दिल्ली। नेशनल हेराल्ड केस में राहुल गांधी से पूछताछ के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस के राष्ट्रीय मुख्यालय पहुंचे थे, इसके बाद यहां से कांग्रेस के सभी नेता प्रवर्तन निदेशालय-ED के दफ्तर की ओर मार्च करने की तैयारी में थे।

यहां से रास्ते में नेताओं को रोक लिया गया। जब मुख्यमंत्री और दूसरे नेता सड़क पर ही बैठ गए तो उन्हें पुलिस ने जबरिया गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को भी ऐसे ही प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल



को डिटेन किया था। बाद में उन्हें छोड़ा गया था।

प्रदर्शन की संभावना को देखते हुए पुलिस ने कांग्रेस मुख्यालय की ओर जाने वाले अकबर रोड को बंद कर रखा है। कांग्रेस मुख्यालय में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ उनके सलाहकार राजेश तिवारी और रायपुर विधायक विकास उपाध्याय भी मौजूद हैं। दूसरे वरिष्ठ नेता भी वहां पहुंच गए हैं। ED ने राहुल गांधी से सोमवार को करीब 9 घंटे तक पूछताछ की थी। रात 10 बजे के बाद वे बाहर निकले। उन्हें मंगलवार को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। कांग्रेस नेता उनके साथ जाने पर अड़े हुए हैं। हालांकि दिल्ली पुलिस



ने इसकी अनुमति नहीं दी है। इसी बीच 24 अकबर रोड से के.सी. वेणुगोपाल, अधीर रंजन चौधरी, रंजीता रंजन, ईमरान प्रताप गढ़ी, दीपेंद्र हुड्डा, गौरव गोगई सहित राष्ट्रीय सचिव एवं विधायक विकास उपाध्याय को गिरफ्तार किया गया है, इन सभी को बादरपुर पुलिस स्टेशन ले जाया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है, देश के भाजपा शासित एक भी राज्य में समर्थक दलों या उनके नेताओं पर केस दर्ज नहीं हुए हैं। भाजपा सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष के आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, जब भी किसी नेता पर छापा पड़ता है तो कहा जाता है कि बहुत बड़ा मामला है पर वह जैसे ही भाजपा में शामिल होता है, मामला रफा-दफा कर दिया जाता है। बघेल ने कहा, केरल से लेकर कश्मीर तक विपक्षी नेताओं पर केस दर्ज कर परेशान किया जा रहा है। लोकतंत्र में इस तरह आवाज को दबाया नहीं जा सकता।

### कई नेताओं की हुई थी गिरफ्तारी

***सोमवार को राहुल गांधी के साथ ED जाने के लिए निकले कांग्रेस नेताओं को अलग-अलग स्थानों पर रोक लिया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ED दफ्तर के पास रोक लिए गए। वहां पुलिस ने उन्हें डिटेन किया।***

# 3 राज्यों के डकैतों ने की किसान के घर डकैती

18 करोड़ की अफवाह पर CG के अलावा तेलंगाना और ओडिशा से आए थे; 4 और गिरफ्तार



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में बस्तर जिले के एक किसान के घर पर 18 करोड़ रुपए होने की अफवाह पर तीन राज्यों के डकैतों ने किसान के घर डकैती की वारदात को अंजाम दिया। डकैती की वारदात में शामिल छत्तीसगढ़, तेलंगाना और ओडिशा के 4 आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। इनमें 2 महिलाएं भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि, पुराने जमाने के सिक्कों को बेचने के बाद किसान को मोटी रकम मिलने की अफवाह उड़ी थी। इस मामले में अब तक कुल 13 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। मामला बड़ांजी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, बस्तर जिले के घाट धनोरा के रहने वाले किसान बलदेव बघेल ने 5 जून को थाने में डकैती की स्नढ्ढक्र दर्ज करवाई थी। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। आरोपियों की तलाश के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर तालुर के रहने वाले दीगम कश्यप और वासुदेव ठाकुर को हिरासत में लिया था। जिनसे मामले की पूछताछ की गई। जिन्होंने वारदात का सारा राज खोल दिया।

# समाज सुधार और सम्पूर्ण मानवता के लिए कबीर के बताए मार्ग आज भी प्रासंगिक- अकबर

कबीर साहेब के प्राकट्य उत्सव में शामिल हुए वन मंत्री अकबर



**रायपुर।** वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर आज जिला मुख्यालय कवर्धा के वीर सावरकर भवन में मानिकपुरी पनिका समाज द्वारा आयोजित कबीर प्राकट्य उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यकालीन भारत के महान भक्त कवि तथा समाज सुधारक संत कबीरदास द्वारा बताए गए मार्ग आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने अपने दोहे के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, धार्मिक पाखण्ड और रूढ़िवादिता पर कड़ा आघात किया। देश व समाज के हित में उनके द्वारा बताए गए मार्ग का अनुसरण करना आज भी हम सभी के लिए जरूरी है।

### भेदभाव और कुरीतियों को नहीं मानता कबीरपंथ

वन मंत्री तथा कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री अकबर के आगमन पर समाज के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। समाज के पदाधिकारियों ने समाज की विशेषताएं एवं उपलब्धियों को गिनाया। साथ ही मंत्री के सामने समाज के उत्थान के लिए आवश्यक मांगे रखी। साहेब बंदगी साहेब के उद्गार के साथ मंत्री श्री अकबर ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कबीरपंथ का स्वरूप अत्यंत व्यापक है, जिसमें विभिन्न जाति एवं धर्म के लोग समाहित हैं। उन्होंने इस दौरान समाज की ओर से की गई मांग पर कबीर कुटी में एक किचन शेड, एक शौचालय तथा बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य को तत्काल स्वीकृत किया।

# मुख्यमंत्री रोज रंग बदल रहे - विष्णुदेव साय

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कोयले को केंद्र का विषय बताने पर कहा है कि मुख्यमंत्री रोज रंग बदल रहे हैं। क्या जेब गरम हो गई जो गुलाटी मार रहे हैं? भाजपा पहले ही कह चुकी है कि बघेल अपने बयान पर कायम रहेंगे, इसकी क्या गारंटी है? प्रदेश भाजपा अध्यक्ष साय ने कहा कि मुख्यमंत्री कह रहे थे कि मंत्री टी. एस. सिंहदेव बड़े भाई हैं, वे नहीं चाहते तो हसदेव में पेड़ तो क्या एक डगाल तक नहीं कटेगी। अब कह रहे हैं कि कोयला केंद्र का विषय है। यदि कोयला पूरी तरह केंद्र के नियंत्रण में है तो हसदेव के पेड़ों की खातिर गोली खाने को तैयार स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव को भूपेश बघेल मीठी-मीठी लोरियां क्यों सुना रहे थे?

# गांधी परिवार की सेवा में निकल गए भूपेश सरकार के पौने 4 साल, डॉ. रमन बोले- कांग्रेस पार्टी के लिए छत्तीसगढ़ एटीएम बन गया

रायपुर। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने सीएम भूपेश बघेल पर फिर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार को करीब पौने 4 साल सत्ता में आये हो गए, लेकिन सरकार ने इतने वर्षों में कुछ भी विकास नहीं किया।

गांधी परिवार की सेवा में छत्तीसगढ़ के पौने चार साल निकल गए। कांग्रेस पार्टी के लिए छत्तीसगढ़ एटीएम बन गया है। भारत के सारे चुनावों की फंडिंग यहीं से हो रही है। यह तो जग जाहिर है और दुनिया जानती भी है। छत्तीसगढ़ की जनता ने इतना बड़ा जनादेश दिया। 90 में से 70 सीट दी, फिर भी यहां के लोगों के साथ छल और धोखा कर रहे हैं।



प्रदेश भाजपा कार्यालय में डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कांग्रेस को प्रदेश की जनता ने इतना बड़ा समर्थन दिया। उसके बाद भी छत्तीसगढ़ को सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने उपेक्षित किया। 4 राज्यसभा सांसद चुनाव में छत्तीसगढ़ की उपेक्षा की गई। मोहसिना किदवई से शुरुआत हुई। इसके बाद केटीएस तुलसी और अब राजीव शुक्ला व रंजीत रंजन को छत्तीसगढ़ से राज्यसभा भेजा गया। 4 राज्यसभा सीट पर छत्तीसगढ़ के बाहर उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली के लोगों को मौका दिया गया। क्या छत्तीसगढ़ में एक भी योग्य व्यक्ति नहीं थे। भाजपा के कार्यकाल में यहीं के लोगों को मौका दिया गया।

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भूपेश बघेल जिस-जिस मिशन को हाथ में लेते हैं। जिस-जिस काम को करने हाथ में लेते हैं, वहा-वहां उन्होंने पूरी तरह कांग्रेस पार्टी को डूबोया है। उत्तर प्रदेश, असम से लेकर और अभी हरियाणा के राज्यसभा चुनाव में बहुत खर्च करने के बाद भी सीट नहीं बचा पाए। जहां-जहां इनके हाथ पड़ते हैं, वहां बंटाधार होना तय रहता है। डॉ. रमन ने कोल, शराब व रेत माफियाओं को भूपेश सरकार द्वारा पूरा संरक्षण देने का आरोप लगाया।

# सिकल सेल संस्थान में करोड़ों रुपये की गड़बड़ी,तीन निलंबित

**रायपुर ।** सिकल सेल संस्थान में करोड़ों रुपये की गड़बड़ी के मामले में सिकल सेल इंस्टीट्यूट छत्तीसगढ़ के डायरेक्टर जनरल ने ज्योति राठौर, आनंद देव ताम्रकार और पंकज उपाध्याय को निलंबित कर दिया हैं।

जारी आदेश मुताबिक ज्योति राठौर ट्रेनिंग ऑफिसर सिकल सेल संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा क्रय शाखा में पदस्थ करते हुए एक करोड़ से अधिक की क्रय प्रक्रिया में पदीय दायित्वों के निर्वहन में बरती गई लापरवाही तथा उनको जारी कारण बताओं नोटिस का उत्तर समाधान कारण नहीं पाए जाने के कारण सिकल सेल संस्थान द्वारा उनको छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम - 9 (1) (क) एवं (ख) के प्रावधानों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

**बैठक...** बैंकर्स, चार्टड एकाउन्टेड तथा बिल्डर्स की ली बैठक, शंकाओं का किया समाधान

# बैंक रेरा द्वारा पंजीकृत हाउसिंग प्रोजेक्ट को ही प्राथमिकता के साथ ऋण प्रदान करें - ढांड

रायपुर। छत्तीसगढ़ भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के अध्यक्ष श्री विवेक ढांड ने बैंकर्स, चार्टड एकाउन्टेड तथा बिल्डर्स की बैठक ली।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

राजधानी के न्यू सर्किट हाउस में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए श्री ढांड ने कहा कि बैंक उन्हीं हाउसिंग प्रोजेक्ट को प्राथमिकता से ऋण प्रदान करें जो रेरा द्वारा पंजीकृत हो। साथ ही बैंक



उपभोक्ताओं को भी रेरा में पंजीकृत संपत्तियों को आसानी से तथा प्राथमिकता से ऋण प्रदान करें ताकि अपंजीकृत प्रोजेक्ट से आम उपभोक्ता बचे। ऐसे अपंजीकृत प्रोजेक्ट में निवेश करना जोखिम भरा होता है। श्री ढांड ने



रेरा एक्ट के महत्व एवं क्रियान्वयन को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारे देश में रियल स्टेट सेक्टर में दिनों-दिन वृद्धि हो रही है इसका देश के जीडीपी में 6 प्रतिशत का योगदान था आने वाले 6-7 वर्षों में यह योगदान 10 प्रतिशत हो जाएगा। उन्होंने कहा रेरा के गठन के पहले छत्तीसगढ़ के रियल स्टेट सेक्टर में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की कमी थी परन्तु इसके गठन के पश्चात उत्तरदायित्व में वृद्धि हुई है। केन्द्र सरकार और मानवीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद रियल स्टेट सेक्टर को नियमित करने की आवश्यकता समझी गई इससे ही रेरा एक्ट का जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में आम लोगों की आय बढ़ने से हाउसिंग सेक्टर में भी वृद्धि होगी।

छत्तीसगढ़ के 383 हज यात्री 24 जून को

# राज्य की हज कमेटी देश में हज यात्रियों को उच्च स्तरीय सेवाएं देने वाली राज्य हज कमेटी में शुमारः मंत्री डॉ. टेकाम

हज यात्रियों का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण

**रायपुर।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम आज छत्तीसगढ़ से जाने वाले हज यात्रियों के लिए आयोजित टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कोरोना के कारण दो साल बाद हज पर जाने का मौका मिल रहा है। इस बार छत्तीसगढ़ से 383 हज यात्री रवाना होंगे, जिसमें 203 पुरूष एवं 180 महिलाएं शामिल है। हज कमेटी ऑफ इंडिया मुम्बई से प्राप्त फ्लाईट अलॉटमेंट के अनुसार राज्य के हज यात्री मुंबई ईम्बारकेशन प्वाइंट से 24 जून को रवाना होंगे एवं हज यात्रा के बाद



इनकी वापसी 2 अगस्त को मुंबई ईम्बारकेशन प्वांइट से होगी। मंत्री डॉ. टेकाम ने राज्य हज कमेटी द्वारा पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर के पीछे स्थित स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह में आयोजित टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यक्रम में हज यात्रियों को हज किट, फर्स्ट एड किट का वितरण भी किया।

# फल-फूल रहे हैं अब, पिता होने के बीज

*अक्सर जब पैरेंटिंग की बात चलती है तो पिता की भूमिका परिवार के मुखिया, बच्चों की फीस भरने वाले, अपनी कठोर छवि से बच्चों के मन में डर पैदा करने वाले या हमेशा गम्भीर मुख मुद्रा के साथ प्रस्तुत होने वाले आदमी के रूप में होती है। वह अपने बच्चों से प्यार तो करता है लेकिन जताने से हमेशा पीछे रह जाता है, पर अब यह रूप बदल रहा है और सकारात्मक परिणामों के साथ समाज में पुरुषत्व को नए अर्थों में परिभाषित कर रहा है।*

वो एक संगीत सम्बन्धी टीवी शो था। पूरा परिवार साथ बैठकर उसका आनंद ले रहा था। बच्चे ने वाकई बहुत अच्छा गाया था। प्रस्तुति समाप्त होते ही सामने बैठे निर्णायकों ने उसकी तारीफ करनी शुरू की और इस दौरान कैमरा बच्चे के माता-पिता की ओर घूमा। और निर्णायकों ने उनसे बात करना शुरू किया।

अचानक बोलते बोलते बच्चे के पिता का गला भर्रा गया और वह रो पड़े। बच्चा आधी मुस्कुराहट, आधे असमंजस में अपने पिता की ओर देख रहा था और बाद में उसने बताया कि यह 14 वर्षों के उसके जीवन मे पहली बार था जब उसने अपने पिता को इस तरह भावुक होते देखा था।

यह एक कार्यक्रम की बात नही है। यह भी मान लीजिए कि कैमरे के सामने तो चीजें निर्देशित भी हो सकती हैं, लेकिन पिछले एक दशक में जिस तेजी से समाज मे पुरुषों की भूमिका, व्यवहार और विचार में परिवर्तन आया है, वह उसके भावनात्मक पक्ष को और भी अधिक दृढ़ता से दिखाता है।

खासकर पिता की भूमिका में आने के बाद पुरुष जिस तरह अपनी भावनाओं का प्रदर्शन अब अधिक सहजता से करने लगे हैं, उससे बच्चे और पिता के बीच के उस सदियों पुराने रूखे और फॉर्मल रिश्ते को नया अर्थ मिला है। अब बच्चों के लिए पिता केवल पॉकेटमनी देने या घुमाने - फिराने पर पैसे खर्च करने वाला या शिकायत करने पर डांट-फटकार करने तक व्यवहार सीमित रखने वाला नहीं रह गया है।

विशेषकर सिंगल पैरेंटिंग की स्थितियों में। जहां पिता, मां की भूमिका में रहकर बेटी के पहले पीरियड्स पर उसकी घबराहट दूर करता है और उसे समझाता है




अक्सर जब पैरेंटिंग की बात चलती है तो पिता की भूमिका परिवार के मुखिया, बच्चों की फीस भरने वाले, अपनी कठोर छवि से बच्चों के मन में डर पैदा करने वाले या हमेशा गम्भीर मुख मुद्रा के साथ प्रस्तुत होने वाले आदमी के रूप में होती है।

और बेटे के स्कूल में स्टेज परफॉर्मेंस पर आंखों में आए आंसुओं को दिखाने से डरता नहीं।

दुनिया बदली है और समाज भी। अब पुरुषों का भावुक होकर अपने बच्चों के प्रति लगाव दिखाना आम बात है।

दुनिया बदली है और समाज भी। अब पुरुषों का भावुक होकर अपने बच्चों के प्रति लगाव दिखाना आम बात है। वे अब केवल बच्चे के पिता बनने तक सीमित नहीं रह गए है बल्कि पिता होने के सहज रूप को भी खुलकर जी रहे हैं।

मेरे एक परिचित सज्जन हैं। 3-4 साल पहले जब उनके बच्चे का जन्म हुआ तो वे लेबर रूम में अपनी पत्नी के साथ थे और बाहर आकर इतना रोये की डॉक्टर को उन्हें सम्भालने आना पड़ा। बाद में उन्होने बताया कि एक महिला जीवन के इस पड़ाव पर इतने दर्द और तकलीफ से गुजरकर बच्चे को जन्म देती है उन्हें यह अंदाजा नहीं था। वह बोले कि यह देखने के बाद अपनी पत्नी और हर महिला के लिए उनके मन मे सम्मान और बढ़ गया है।

वे इस दर्द को तो नहीं सहन कर सकते लेकिन बच्चे की परवरिश में मां के बराबर भूमिका निभाने का पूरा प्रयास करेंगे और उन्होने यह बात सच कर दिखाई। बाद में एक दिन उनकी पत्नी ने खुद हंसते हुए कहा कि रात को जागकर बच्चे की नैपी बदलने से लेकर उसके साथ साथ उनकी (पत्नी की) डाइट का भी पूरा ख्याल रखने तक हर काम उनके पति ने इतनी शिद्दत से किया कि उन्हें लगा माँ जरूर वे बनी हैं लेकिन पैरेंटिंग के पूरे नम्बर तो उनके पति को ही मिलेंगे।

अपनी दादी की मृत्यु के समय जब मैंने पहली बार अपने पिता को रोते देखा तो मैं एकदम से जड़ हो गई थी। हमेशा धीर गम्भीर रहने वाले पिता को इस तरह टूटते मैंने कभी नही देखा था। रफ-टफ इमेज वाले अपने पिता को इस तरह देखना मुझे अंदर तक झकझोर गया। उस दिन मैंने यह भी समझा कि अपने दायित्वों को निभाते हुए हमेशा एक सख्त पिता की भूमिका निभाने वाले पापा न जाने कितने सालों से अपने आंसुओं को भीतर दबाए हुए थे। उनके इस रूप ने मेरे लिए उनके नए भावनात्मक पक्ष को सामने ला खड़ा किया था। आजकल जमाना सोशल मीडिया का है और यहां आपको भावनाओं में भरकर रोते हुए कई पिता आसानी से दिखाई दे जाएंगे। तो इस फादर्स डे पितृत्व के एहसास को खुलकर जीने और अपने बच्चे के प्रति भावनाओं को खुलकर प्रकट करने वाले पिताओं के इन आंसुओं का स्वागत कीजिये, ये उनके कमजोर होने की नहीं, भावनात्मक रूप से और मजबूत होने की निशानी है।

स्वाति शैवाल

## संपादकीय

### चेहरा फिंज नहीं होता

भाजपा समर्थकों के एक बड़े हिस्से को यह समझना मुश्किल हो गया है कि अचानक भाजपा ने पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ टिप्पणियां करने वाले उन दो प्रवक्ताओं को पार्टी से क्यों निलंबित कर दिया?

नुपूर शर्मा और नवीन कुमार जिंदल भारतीय जनता पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता के बतौर मीडिया से रू-ब-रू होते थे। इसलिए भाजपा की ये बात किसी के गले नहीं उतरेगी, तो उन्होंने जो कहा वह फ्रिंज (जो मुख्यधारा नहीं है) की राय है। प्रवक्ता पार्टी या संगठन का चेहरा होते हैं। इस बात से पार्टी का सर्वोच्च नेतृत्व भी वाकिफ होगा कि शर्मा और जिंदल ने जो कहा, वैसी बातें भाजपा और उसके सहमना संगठनों की सोच की मुख्यधारा बनती गई हैं। दरअसल, पार्टी की सफलता यह है कि ऐसी बातों की उसने हिंदू समाज के एक बड़े हिस्से में स्वीकृति बना दी है। नतीजा है कि आम शासन के तमाम मोर्चों पर भाजपा सरकारों की नाकामियों के बावजूद उसका समर्थन आधार बीते आठ साल में मजबूत होता गया है। इसी समर्थन आधार से भाजपा को वो ताकत मिली है, जिसकी बदौलत उसने भारतीय राज्य-व्यवस्था का स्वरूप ही बदल दिया है। बहरहाल, चूंकि ये मुख्यधारा पार्टी नेतृत्व की प्रत्यक्ष या परोक्ष सहमति बनी है, इसीलिए इस समर्थन आधार के एक बड़े हिस्से को रविवार को यह समझना मुश्किल हो गया कि अचानक भाजपा ने 'सभी धर्मों का सम्मान करने' की घोषणा क्यों की और पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ टिप्पणियां करने वाले उन दो प्रवक्ताओं को पार्टी से क्यों निलंबित कर दिया गया?

# क्या भारत का कद छोटा करने की होती है साजिश?

*भारत का वैश्विक रैंकिंग के साथ प्रेम-घृणा का रिश्ता है। जब ऐसी रैंकिंग भारत के अनुकूल होती है, तब हममें से कई लोग वाजिब ही उत्साहित होते हैं, लेकिन जब ऐसी कोई रैंकिंग हमारी खराब छवि दिखाती है या हमारे अनुकूल नहीं होती, तब हम गुस्से में उस पर हमलावर हो जाते हैं। कुछ लोग तो ऐसी रैंकिंग को भारत की छवि धूमिल करने की साजिश भी मानने लगते हैं। वैश्विक सूचकांकों पर हमारी चरम प्रतिक्रियाएं अक्सर आत्मनिरीक्षण और अन्य देशों के संदर्भ में विभिन्न क्षेत्रों में हमारे प्रदर्शन के आकलन में बाधक बनती हैं।*

व्यक्तिगत रूप से मुझे नहीं लगता कि वैश्विक रैंकिंग के जरिये भारत के कद को छोटा करने की साजिश की जाती है, क्योंकि दुनिया भर के सभी देशों का हर क्षेत्र में मूल्यांकन करने वाली कोई एक एजेंसी नहीं है। न ही कोई एक पद्धति या मानक धारणा है। अलग-अलग एजेंसियां वैश्विक रैंकिंग का काम करती हैं। किसी भी वैश्विक सर्वेक्षण में किसी देश के बारे में विशिष्ट निष्कर्ष पर आने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कार्यप्रणाली की वैध चर्चा और आलोचना हो सकती है, लेकिन हमें यह याद रखना चाहिए कि किसी विशेष सर्वेक्षण में प्रत्येक देश का आकलन करने के लिए एक ही पद्धति का उपयोग किया जाता है। हालिया वैश्विक रैंकिंग को ही लें, जो इन दिनों खबरों में है। बंगलूरू स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) 31 स्थानों की छलांग के साथ क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2023 में




बंगलूरू स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) 31 स्थानों की छलांग के साथ क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2023 में सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय संस्थान के रूप में उभरा है।

सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय संस्थान के रूप में उभरा है, जिसने आईआईटी-बॉम्बे एवं आईआईटी-दिल्ली को क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर धकेल दिया है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग दुनिया भर के उच्च शिक्षा संस्थानों के विश्लेषण में विशेषज्ञता वाले ब्रिटेन स्थित संगठन क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा किया जाने वाला वार्षिक प्रकाशन है। इसकी नवीनतम वैश्विक रैंकिंग में विश्व स्तर पर शीर्ष 1,000 में भारतीय संस्थानों की कुल संख्या 22 से बढ़कर 27 हो गई है। लेकिन पर्यावरण के मोर्चे पर तस्वीर गुलाबी नहीं है। हाल ही में जारी पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक (ईपीआई), 2022 में भारत सबसे निचले पायदान (180वें) पर है, जो पर्यावरणीय स्वास्थ्य जैसे कई संकेतकों के आधार पर देशों को सूचीबद्ध करता है। केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने देश की ईपीआइ रैंकिंग को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है। सरकार का कहना है कि यह सूचकांक अनुमानों और अवैज्ञानिक तरीकों पर आधारित है।

मंत्रालय ने कार्यप्रणाली के संबंध में कई चिंताओं को सूचीबद्ध करते हुए एक सार्वजनिक बयान जारी किया, जैसे कि ईपीआइ ने भारत के कम उत्सर्जन पर ऐतिहासिक आंकड़े को ध्यान में नहीं रखा और कैसे कुछ पर्यावरणीय संकेतकों की रैंकिंग और महत्व को बदल दिया गया। कुछ भारतीय पर्यावरणविदों ने भी ईपीआइ इंडेक्स में विशिष्ट क्षेत्रों के बारे में विशिष्ट चिंताओं की ओर इशारा किया है। ये मात्र दो उदाहरण हैं। नवीनतम ग्लोबल हंगर इंडेक्स जैसे अन्य सूचकांक भी हैं, जिसमें भारत को 116 देशों में 101वें स्थान पर रखा गया है। कई लोगों ने इसे भारत को नीचा दिखाने की कोशिश के रूप में देखा। सबसे दिलचस्प बात यह है कि भारत के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण ने भी देश में पोषण की स्थिति के बारे में कई चिंताओं को चिह्नित किया। दरअसल भारत विविधताओं वाला एक विशाल देश है। इसलिए जरूरी नहीं कि वैश्विक रैंकिंग राज्यों, जिलों या शहरों/गांवों के बीच के बड़े अंतर को पकड़ ही ले। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि पर्यावरण, स्वास्थ्य, पोषण, लैंगिक समानता आदि विभिन्न मोर्चों पर जमीनी स्तर पर गंभीर समस्याएं हैं।

पत्रलेखा चटर्जी

## मिला जुला

# पीएम मोदी का स्वागत करने पहुंचे थे आदित्य ठाकरे, एसपीजी ने रोका, सीएम उद्धव हुए नाराज

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को महाराष्ट्र दौरे पर रहे। इस दौरान उनकी सुरक्षा में लगी एसपीजी ने महाराष्ट्र के मंत्री और प्रोटोकॉल मिनिस्टर आदित्य ठाकरे को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की कार से उतरने को कहा।




सूत्रों के अनुसार, एसपीजी ने दावा किया कि पीएम मोदी की अगवानी के लिए निर्धारित वीआईपी सूची में आदित्य का नाम नहीं था। इस दौरान सीएम उद्धव ठाकरे काफी नाराज भी नजर आए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को महाराष्ट्र दौरे पर रहे। उन्होंने गवर्नर हाउस में जल भूषण भवन और क्रांतिकारियों की गैलरी का उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम मोदी ने मुंबई के प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में से एक मुंबई समाचार की 200वीं वर्षगांठ पर एक विशेष डाक टिकट जारी किया।

### आदित्य ठाकरे को कार से उतारने पर नाराज हुए उद्धव

सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी की अगवानी में शामिल वीआईपी सूची में नाम शामिल न होने पर पीएम मोदी की एसपीजी सुरक्षा टीम ने आदित्य ठाकरे को सीएम उद्धव ठाकरे की कार से उतरने के लिए कहा। इस कदम से उद्धव ठाकरे काफी परेशान थे और उन्होंने अपने कैबिनेट मंत्री के समर्थन में तर्क दिया। शिवसेना प्रमुख ने सुरक्षाकर्मियों से कहा कि आदित्य सिर्फ उनके बेटे नहीं हैं, बल्कि एक कैबिनेट मंत्री हैं जो आधिकारिक प्रोटोकॉल के अनुसार पीएम मोदी की अगवानी कर सकते हैं। आखिरकार सीएम उद्धव की कड़ी नाराजगी के बाद आदित्य ठाकरे को पीएम मोदी के स्वागत की इजाजत मिल गई।

प्रधानमंत्री ने मुंबई के प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में से एक - मुंबई समाचार की 200वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक विशेष डाक टिकट जारी किया।

### अमरनाथ यात्रा को निशाना बनाने के लिए पाक की तरफ से भेजे गए तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** पाकिस्तान से अमरनाथ यात्रा पर हमला करने के लिए भेजे गए तीन आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया है। तीनों आतंकवादी प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा (एलईटी) के थे। पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) कश्मीर विजय कुमार ने कहा कि दस्तावेजों और अन्य आपत्तिजनक सामग्रियों के अनुसार, मारे गए आतंकवादियों में से एक की पहचान पाकिस्तान के फैसलाबाद निवासी अब्दुल्ला गौरी के रूप में हुई है। उन्होंने कहा 'श्रीनगर के बेमिना इलाके में एक मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर के दो आतंकवादियों को श्रीनगर पुलिस ने मार गिराया है। पाकिस्तान स्थित आकाओं ने पहलगाम अनंतनाग के एक स्थानीय आतंकवादी आदिल हुसैन मीर के साथ लश्कर के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को भेजा था, जो 2018 से पाकिस्तान में है। अब तीनों मारे गए हैं, जिन्हें यात्रा पर हमला करने के इरादे से भेजा गया था।'



# हो सकती है सेना में अग्निपथ भर्ती योजना की घोषणा

**नई दिल्ली।** केंद्र द्वारा मंगलवार को रक्षा बलों के लिए अग्निपथ भर्ती योजना की घोषणा करने की संभावना है। इसके तहत सैनिकों की भर्ती केवल चार साल के कार्यकाल के लिए की जाएगी। योजना के अनुसार, तीनों सेनाओं के प्रमुख योजना के विवरण की घोषणा करने के लिए एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने दो हफ्ते पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सैनिकों की भर्ती के लिए अग्निपथ योजना के बारे में जानकारी दी थी, जो अल्पकालिक कार्यकाल के लिए सुरक्षाबलों में सैनिकों को शामिल करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस स्कीम को सैन्य मामलों के विभाग द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

नई अग्निपथ योजना के तहत युवा चार साल की अवधि के लिए सेना में शामिल होंगे और देश की सेवा करेंगे। यह योजना रक्षा बलों के खर्च और आयु प्रोफाइल को कम करने की दिशा में सरकार के प्रयासों का एक हिस्सा है। भर्ती के लिए जगहों का भी काफी विस्तार किया



जा सकता है। चार साल के अंत में, लगभग 80 प्रतिशत सैनिकों को ड्यूटी से मुक्त कर दिया जाएगा और उन्हें आगे के रोजगार के अवसरों के लिए सशस्त्र बलों से सहायता मिलेगी। कई निगम ऐसे प्रशिक्षित और अनुशासित युवाओं के लिए नौकरी आरक्षित करने में भी रुचि लेंगे जिन्होंने अपने देश की सेवा की है। सशस्त्र बलों द्वारा अनुमान लगाया गया है कि अगर इस टूर ऑफ ड्यूटी कॉन्सेप्ट के तहत काफी संख्या में सैनिकों को भर्ती किया जाता है तो वेतन, भत्तों और पेंशन में हजारों करोड़ की बचत की जा सकती है। इसके अलावा भर्ती किए गए युवाओं में से बेस्ट को रिक्तियों के उपलब्ध होने की स्थिति में अपनी सेवा जारी रखने का भी अवसर मिल सकता है। बता दें डीएमए ने भारतीय मॉडल विकसित करने से पहले आठ देशों में इसी तरह के भर्ती मॉडल का अध्ययन किया था। गौरतलब है कि तत्कालीन सीडीएस दिवंगत जनरल बिपिन रावत सेना के अधिकारियों के लिए टूर ऑफ ड्यूटी प्लान पर काम कर रहे थे जिसके तहत सेना में अधिकारियों को मात्र तीन साल के लिए सेवाएं देनी थीं।

# ईडी के अधिकांश प्रश्नों पर राहुल गांधी ने साधी चुप्पी, जानें क्या-क्या सवाल पूछे गए?

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लांडिंग मामले में ईडी ने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से दो दौर में लगभग साढ़े आठ घंटे पूछताछ की। राहुल से रात साढ़े नौ बजे तक पूछताछ हुई, लेकिन ईडी के दफ्तर से वह दो घंटे बाद रात 11.30 बजे बाहर निकले। ईडी ने राहुल को मंगलवार यानी आज फिर पूछताछ के लिए बुलाया है। पहली बार ईडी की पूछताछ का सामना करने वाले राहुल ने अधिकांश सवालों पर चुप्पी साध ली। ईडी के नियम के मुताबिक राहुल को खुद अपने हाथों से सभी सवालों का जवाब कागज पर लिखने को कहा



गया। गौरतलब है कि ईडी के सवालों का जवाब लिखने के बाद कागज के ऊपर बाईं ओर और नीचे भी दस्तखत करने होते हैं। इसी कारण ईडी में दिए गए बयान को अदालत में पुख्ता सुबूत माना जाता है। राहुल से यंग इंडिया व एजेएल से जुड़े सवाल पूछे गए। इसमें सोनिया गांधी की यंग इंडिया के कामकाज में भागीदारी से जुड़े सवाल भी थे। ईडी ने राहुल से यंग इंडिया की परिसंपत्तियों की जानकारी मांगी। सवालों के जरिए ईडी उस साजिश का पता लगाने की कोशिश कर रही थी, जिससे एजेएल की हजारों करोड़ की संपत्ति को गांधी परिवार की एक कंपनी के हवाले कर दिया गया।

### ऐसे चला पूछताछ का दौर


- राहुल गांधी कल सुबह लगभग 11.10 बजे दिल्ली स्थित ईडी दफ्तर पहुंचे, 20 मिनट बाद पूछताछ शुरु हुई।
- लगभग तीन घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने दोपहर 2.10 बजे राहुल को लंच के लिए घर जाने दिया।

## दिल्ली से गर्मी छू-मंतर!

# एक हफ्ते तक बारिश से मौसम होगा खुशनुमा, जारी हुआ ये अलर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अब बारिश के लिए इंतजार की घड़ियां खत्म होने वाली हैं. राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को प्री मॉनसून गतिविधियों के शुरू होने के साथ ही गर्मी से जल्द राहत मिलने की उम्मीद है. भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, दिल्ली में आज (मंगलवार), 14 जून से 20 जून तक यानी एक हफ्ते गरज के साथ बारिश होने की संभावना है.

राष्ट्रीय राजधानी में आज न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली के



आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने का पूर्वानुमान जताया है. मौसम में बदलाव होने से लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है. वहीं, दिल्ली में 14 जून को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। इसके अलावा दिल्ली में 14 से 20 जून तक लगातार गरज और हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है. ऐसे में प्री मॉनसून गतिविधियां राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को बढ़ते तापमान एवं गर्मी से कुछ राहत दिला सकती हैं. IMD ने अपने पूर्वानुमान में बताया कि उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी से निजात मिल सकती है. दरअसल, इस क्षेत्र में 16 और 17 जून को बारिश होने का अनुमान है. वहीं, पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पूर्वी उत्तर प्रदेश में व्यापक बारिश के आसार हैं।

# विवाद पर भारत को मिला बांग्लादेश का साथ, कहा- यह आंतरिक मामला

**ढाका।** पैगंबर मोहम्मद को लेकर चल रहे विवाद को बांग्लादेश ने भारत का आंतरिक मामला बताया. बांग्लादेश के मंत्री ने कहा कि पैगंबर मोहम्मद को लेकर टिप्पणी करने के बाद शुरू हुआ विवाद भारत का आंतरिक मामला है. उन्होंने कहा, अन्य मुस्लिम देशों की तरह बांग्लादेश में यह ध्यान खींचने वाला मामला नहीं है।

इतना ही नहीं बांग्लादेश के मंत्री ने उन आरोपों को भी खारिज कर दिया, जिसमें कहा जा रहा था कि बांग्लादेश की सरकार ने इस मुद्दे पर समझौता कर लिया है। बांग्लादेश के सूचना और प्रसारण मंत्री हसन महमूद ने इस



मामले में भारत सरकार द्वारा कार्रवाई करने को लेकर बधाई दी और उन्होंने कहा पैगंबर मोहम्मद को लेकर दिए ऐसे किसी भी बयान की निंदा करनी चाहिए। हसन महमूद ने कहा कि भड़काऊ बयान देने के मामले में भारत में FIR दर्ज की गई है. उन्हें उम्मीद है कि आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बेमेतरा साजा पुलिस की बड़ी कार्यवाही लाखों रूपये के धोखाधड़ी मामले में ग्राहक सेवा केन्द्र देवकर का संचालक गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालको ओमप्रकाश ताम्रकार, मुकेश ताम्रकार एवं पूजा ताम्रकार द्वारा फर्जी पासबुक जारी कर उनके खातो से धोखाधड़ी कर रकम को खातो में जमा न कर पैसा को धोखाधड़ी कर रख लेता था। इस बात की जानकारी खाता धारको को होने पर उक्त ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालको के विरूद्ध शिकायत आवेदन प्राप्त होने पर प्रकरण में अपराध सदर धारा कायम कर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा टीम गठित कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिस पर लाखो रूपये की धोखाधडी करने वाले ग्राहक सेवा केन्द्र देवकर के संचालको को गिरफ्तार किया गया है। 11 जून 2022 को प्रार्थी हेमन्त साहू पिता चिन्ताराम साहू उम्र 29 साल ग्राम खिसोरा पुलिस चौकी देवकर थाना साजा ने चौकी देवकर थाना साजा ने लिखित आवेदन पेश कर रिर्पोट दर्ज कराया कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा साजा द्वारा संचालित नगर पंचायत देवकर में ग्राहक सेवा केन्द्र खुला है जहां खाता खुलवाने के लिये वर्ष 2014 में जाकर ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक ओमप्रकाश ताम्रकार को खाता खुलवाने के संबंध में सलाह लिया जो मुझे बोला कि खाता खोलने के लिये आधार कार्ड, फोटो और मूल निवासी प्रमाण पत्र लगेगा बोलने पर बताये अनुसार उनके बातों पर विश्वास कर आधार कार्ड व फोटो एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र दिया उसके बाद मुझे फार्म भरवाकर हस्ताक्षर करवाया एवं खाता खोलने के लिये 10,000 जमा किया और बोला कि आपको पास बुक के लिये स्टेट बैंक साजा जाने कि जरूरत नहीं हैं यही बनवाकर दुगां बोला और करीबन 15 दिन बाद इसके नाम का बैंक खाता कमांक 37004144480 पास बुक दिया फिर खाता में कुछ दिन के बाद 20,000, 50,000, 40,000 जमा करता था तो उक्त खाता में ज्यादा रकम हैं ब्याज कम मिलता है आरडी खाता बना लो बोला और उसी खाता नंबर में फिक्स डिपजिट आरडी खाता खोला और पासबुक का पुरा पन्ना पैक हो जाने पर इसे ओमप्रकाश ताम्रकार के द्वारा पुराना पास बुक को अपने पास रखकर 13 सितंबर 2021 को नया पासबुक प्रार्थी के नाम का आरडी खाता खोला जिसका खाता नंबर 4000231118 हैं को दिया जिसमें 3033731 था 22 अप्रैल 21 को उक्त खाता में 95818 जमा किया, 26 अक्टूबर 21 को 40,000 निकाला 15 नवम्बर 21 को 20,000 जमा किया। 22 अप्रैल 22 को 21551 ब्याज का जोड़ा कुल रकम 400742 मेरे खाता में था 10 जून 22 को एसबीआई ग्राहक सेवा केन्द्र देवकर में फर्जीवाड़ा हो गया हैं हल्ला सुना तब वह ग्राहक सेवा केन्द्र देवकर में जाकर देखा तो ग्राहक सेवा केन्द्र में ताला बंद था तब वह स्टेट बैंक शाखा साजा में करीबन 12.30 बजे जाकर बैंक मैनेजर से मिला एवं बैंक खाता क्रमांक 40100231118 को चेक करवाया तो बैंक मैनेजर द्वारा बताया कि तुम्हारे खाता में मात्र 100 दिखा रहा है शेष खाता में जमा रकम 400642 नहीं था उक्त रकम को ग्राहक सेवा केन्द्र देवकर के संचालक ओमप्रकाश ताम्रकार, मुकेश ताम्रकार, पूजा ताम्रकार के द्वारा निकालकर प्रार्थी के साथ धोखाघड़ी किया गया हैं एवं अन्य हितग्राही सोनबाई सतनामी ग्राम नवकेशा से 40,127 पुष्पा साहू ग्राम नवकेशा से 50029, कुसुम बाई साहू ग्राम नवकेशा से 55077 सुनिता साहू ग्राम नवकेशा से 22000, नारायण प्रसाद साहू ग्राम नवकेशा से 7988, लोकराम साहू ग्राम अकलवारा से 29936, प्रदीप कुमार साहू अकलवारा से 21483, शिवकुमार साहू अकलवारा से 91830, राधिका साहू अकलवारा से 26248, मधुलिका शर्मा ग्राम देवकर से 280000,,मिश्रीलाल ढीमर देवकर से 43447 धनराज साहू देवकर से 1,68,000, गोदावरी बाई साहू देवकर से 1,74,50, गीताबाई साहू देवकर से 183052, इस प्रकार ग्राहक सेवा केन्द्र देवकर के संचालकों के द्वारा विभिन्न खाताधारको के बैंक खातो से कुल 17,88,063 का आहरण कर धोखाधड़ी किया गया है तथा अन्य बहुत से खाता धारकों से भी उनके खातो से रकम आहरण कर धोखाधड़ी किया गया है कि रिपोर्ट पर चौकी देवकर थाना साजा में अपराध सदर धारा 420, 409, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन पर अति पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह भारद्धाज एवं चौकी देवकर प्रभारी उप निरीक्षक टीआर कोसिमा एवं थाना/चौकी स्टाफ को धोखाधड़ी करने वाले आरोपियो के विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान ग्राहक सेवा केन्द्र देवकर के संचालक आरोपी,ओमप्रकाश ताम्रकार उम्र 34 साल, मुकेश ताम्रकार उम्र 32 साल, पूजा ताम्रकार पिता छगन ताम्रकार उम्र 30 साल सभी साकिनान देवकर चौकी देवकर थाना साजा जिला बेमेतरा को हिरासत में लेकर, उक्त घटना के संबंध में पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपियो के कब्जे से लगभग 1000 खाली पासबुक, 3 लेपटाप, 1 कम्प्युटर, 2 प्रिंटर मशीन, बायोमेंट्रीक 3 पीस, केश काउंटीग मशीन 03 पीस, 1 थर्मल प्रिंटर, स्केनर 02, एटीएम कार्ड लगभग 250 नग एवं अन्य दस्तावेजो को जप्त कर उनकी जांच की जा रही है तथा अब तक कुल प्राप्त 41 आवेदक से 26 लाख 18 हजार 350 रु धोखाधडी करना एवं अन्य आवेदकगणो से शिकायत आवेदन आना बाकी है। आरोपी ओमप्रकाश ताम्रकार उम्र 34 साल, मुकेश ताम्रकार उम्र 32 साल, पूजा ताम्रकार पिता छगन ताम्रकार उम्र 30 साल सभी साकिनान देवकर चौकी देवकर थाना साजा जिला बेमेतरा को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह भारद्धाज चौकी देवकर प्रभारी उप निरीक्षक टीआर कोसिमा, प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, येमन बघेल, विक्रम सिंह, आरक्षक संतोष धीवर, जयकिशन साहू, इंदरमन निषाद, रमन चंद्राकर, मोहित देवांगन, महिला आरक्षक प्रीति यादव एवं अन्य थाना/चौकी स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

## एक नजर

### कलयुगी समय में पुण्य कार्य करना, प्रभु के गुणगान के समान : रंजना साहू

रामकथा मंच से प्रवाहित मानस प्रवाह ताप संताप निवारक है : रंजना साहू

**धमतरी ।** करुणा सिंधु राघवेंद्र सरकार भगवान श्रीरामचन्द्र की असीम अनुकंपा से समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से ग्राम सेमरा बी में ग्राम विकास समिति के द्वारा भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त श्री हनुमान के मंदिर जीर्णोद्धार के शुभ अवसर पर भव्य संगीतमय मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अंचल की ख्याति प्राप्त मंडलियों के द्वारा गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस कथा को समस्त श्रोताओं दीर्घाओं के समक्ष अपने मुखारविंद से प्रवाह किये। रामचरित मानस सम्मेलन के समापन अवसर पर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रंजना डीपेंद्र साहू रामकथा का श्रवण करने पहुंची। सर्वप्रथम विधायक ने श्री हनुमान जी की मंदिर में जाकर पूजा अर्चना किए, तत्पश्चात समस्त अतिथि मंचासीन हुए। ग्राम विकास समिति एवं ग्रामीणों के द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर, तिलक एवं बेच लगाकर सम्मान किए। इस अवसर पर विधायक ने धर्ममय मंच पर कथा श्रवण करने के उपरांत आतिथ्य उद्बोधन में कहा कि रामकथा मंच से प्रवाहित मानस प्रवाह ताप संताप निवारक है, प्रभु की कथाओं का श्रवण करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है और प्रेम का संचार स्वतः उत्पन्न हो जाते हैं, क्योंकि रामचरितमानस कथा से हमें सभी पात्रों से सीखने को मिलती है। यदि हमें राम राज्य निर्माण की कल्पना पूर्ण करना है तो सभी को एक साथ मिलकर एकजुट हो कर यह सामूहिक प्रयास से ही पूर्ण होगा। आगे श्रीमती साहू ने कहा कि इस कलयुग के समय में पुण्य कार्य करना कहीं ना कहीं प्रभु के गुणगान करने के समान है। सभी घर स्वर्ग तभी बनेगा जब हम सब प्रभु के बताए हुए मार्गो पर चलकर उनको अपना आदर्श मानते हुए अपने जीवन में समावेश करेंगे। मंच पर विराजमान जनपद सदस्य जागेश्वरी साहू, सरपंच राधिका केशव साहू ने ग्राम विकास समिति एवं ग्राम वासियों के सहयोग से आयोजित मानस कथा सम्मेलन के पुण्य कार्य के लिए भूरी भूरी प्रशंसा किए। इस अवसर पर मानस कथा का श्रवण करने केशव राम साहू, डॉक्टर नरोत्तम वाणी, ठाकुर राम साहू शिक्षक, राज मानस संघ संरक्षक माखन साहू, याद राम साहू, जनार्दन, तेजराम, राधेलाल, पवन कुमार प्रहलाद, ईश्वर साहू, रिंकू, रामनारायण, राजेंद्र, कार्तिक निषाद, श्रवण साहू, थानू राम, दयालु साहू, रामेश्वर साहू, गोवर्धन साहू, सुरेश कुमार, कमल किशोर, शिव साहू, रूपेश साहू, शीतल निषाद, रुद्रेश्वर, भारत राम साहू, प्रहलाद जांगड़े सहित समस्त ग्राम विकास समिति के सदस्य एवं ग्रामीण कथा श्रवण करने उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता ओपी चौधरी पर हुए एफआईआर पर भाजपा ने किया प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



भाजपा नेता ओपी चौधरी के ऊपर एफआईआर के बाद रायगढ़ भाजपा द्वारा भारी संख्या में चक्का जाम और पुतला दहन किया गया था। जिसमे देर रात भाजपा के डेढ़ दर्जन नेताओं पर नामजद एफ आईआर रायगढ़ कोतवाली में किया गया था। जिसके बाद पूरे प्रदेश भाजपा में इस एफ आईआर को लेकर रोष सामने आया था। रमन सिंह से लेकर तमाम बड़े नेताओं द्वारा भी इस एफआईआर के विरोध में अपना बयान जारी किया गया था और प्रदेश स्तर पर बड़े आंदोलन के संकेत दिए थे तो वहीं रायगढ़ जिले भर में भूपेश बघेल का पुतला दहन किया जाना तय हुआ था। लैलूंगा भाजपा द्वारा भी इसी कड़ी में अटल चौक लैलूंगा में पुतला किया गया। इस कार्यक्रम में लैलूंगा भाजपा अध्यक्ष रमेश पटनायक जिला उपाध्यक्ष शांता साय रिंकू बानी बोधराम प्रधान मनोज अग्रवाल अमर अग्रवाल कृष्णा जायसवाल दिनेश यादव रामकुमार साय संतोष यादव नरेश निषाद शशि विश्वाल मोहित अग्रवाल अवधराम पटेल उपस्थित रहे।

## ओम प्रकाश जयसवाल बने भाजपा के नए जिलाध्यक्ष

**बलरामपुर ।** बलरामपुर 2023 में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश भाजपा संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्ण मिश्रा के स्थान पर जिला महामंत्री ओम प्रकाश जयसवाल को भाजपा जिला अध्यक्ष का नवीन दायित्व सौंपा गया। तीन दशकों से भाजपा के राजनीति में सक्रिय ओम प्रकाश जयसवाल विभिन्न पदों पर रह चुके हैं वही दो बार अविभाजित सरगुजा में जिला पंचायत सदस्य भी निर्वाचित हो चुके हैं। ओम प्रकाश जयसवाल अपने संगठनात्मक क्षमता के लिए जाने जाते हैं ऐसे में उन्हें भाजपा जिला अध्यक्ष के रूप में बड़ी जिम्मेवार मिलने से जिला भाजपा संगठन को और मजबूती मिलेगी।

भाजपा जिला बलरामपुर रामानुजगंज के नवनियुक्त अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल 1990 से राजनीति में सक्रिय है।

# बाल संप्रेक्षण गृह से तीन अपचारी बालक रफूचक्कर

सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुली

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिला मुख्यालय की सीमा से सटे बरोंडा बाजार स्थित शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह से आज तीन अपचारी बालक लूंज पुंज सुरक्षा व्यवस्था को धता बताकर फरार हो गये है। घटना मंगलवार को अलसुबह लगभग 5 बजे की बताई गई है। भगोड़े तीनों अपचारी बालक महासमुंद जिले में ही अलग-अलग विकास खण्ड क्षेत्र के रहने वाले है और पृथक-पृथक मामले में संप्रेक्षण गृह में लाये गये थे। बताया गया है किए भागने के पूर्व अपचारी बालकों ने पहले चैनल गेट का ताला खोला फिर पीछे की कटीली तार लगी दीवार को फांदकर भाग निकले। बाल संप्रेक्षण गृह के कर्मचारियों से घटना की सूचना मिलने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा सांकरा और सरायपाली पुलिस के साथ जानकारी साझा की गई है। भगोडों की तलाश भी तेज कर दी गई है।

### पहले भी फरार हुये थे पौन दर्जन अपचारी बालक

बाल संप्रेक्षण गृह से बच्चों के फरार होने की लगातार पुनरावृत्ति हो रही है। जबकि प्रबंधन द्वारा यहां सुरक्षा के लिये दीवार पर कटीले तार और सीसीटीवी कैमरा लगा रखा है। बावजूद अपचारी बालक भागने में कामयाब हो जा रहे है। इस बार बालक परिषर के अंदर ग्रील का ताला खोलकर फरार हुये है। जिससे यहां की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खडा हो गया है। इसके पूर्व 15 अक्टूबर 2021 को भी नौ अपचारी बालक एक साथ फरार हो गये थे तब अपचारी बालक कमरे की खिड़की तोड़कर दीवार के कटीले तार पर चप्पल के सहारे कूदकर फरार हुये थे। उक्त सभी बच्चें चोरी,आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस और आबकारी के तहत संप्रेक्षण गृह में लाये गये थे। 12 मई 2021 में भी यहां से चार अपचारी बालकों के फरार होने की घटना घट चुकी है। तब बालकों ने कमरे की खिडकी की ग्रील तोडकर और बहार दिवार के पास घिरे पेड़ की डंगाल की सहायता से दीवार पर चढ़े और कूदकर फरार हो गये थे।

# बाप बेटे ने मिलकर ग्रामीण से की डेढ़ लाख की ठगी

दिया था झांसा नौकरी लगवाने का

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

नौकरी लगाने के नाम पर पिता-पुत्र द्वारा अपने रिश्तेदार के पुत्र के साथ ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत पर पिता.पुत्र के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 के तहत जुर्म दर्ज किया है। मामला सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम सल्डीह का है। पुलिस को ग्राम मोहगांव निवासी बलीराम मटारी ने बताया कि उनका पुत्र डेविड कुमार मटारी बीए तक पढ़ा है।




15 दिसंबर 2016 को ग्राम सल्डोह निवासी करीबी रिश्तेदार रंकमणी जाल के घर पारिवारिक कार्य से गया था। जहां पर रंकमणी जाल के पुत्र सव्यसांची ने मुझे बातों ही बातों में कहा कि मंत्रालय में विभिन्न तरह की नौकरियां लग रही। है तुम्हारा पुत्र पढ़ा लिखा है। वह उसे नौकरी लगवा सकता है। इस पर सव्यसांची से पूछा कि उनके पुत्र ने तो नौकरी के लिए कोई आवेदन भी नहीं किया है। फिर कैसे नौकरी लगेगी। इस पर सव्यसांची ने कहा कि आजकल पैसे का जमाना है। पैसे में नौकरी लगने की गारंटी उनकी है। डेविड को वह खाद्य निगम महासमुंद में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर नौकरी के लिए 1.70 लाख रुपए की मांग की। सव्यसांची भरोसा दिलाने के लिए अपने पिता रंकमणी जाल के पास लेकर गया और बोला कि मेरा पिता सेवानिवृत्त प्रिंसिपल है उन पर भरोसा करो। आरोपी के पिता रंकमणी जाल ने ऽ कहा कि उनका पुत्र की ऊपर तक पहुंच है। कई लोगों से पैसा लेकर नौकरी लगा चुका है अगर नौकरी नहीं लगती है तो मैं पैसा वापस कर दूंगा। पिता.पुत्र की बातों पर भरोसा कर उन्होंने 1.50 लाख सव्यसांची जाल को 16 दिसंबर 2016 को उसके ग्राम सलडोह में उनके पिता के सामने दिया था।

### ठगी में गवाये ब्याज में लिये पैसे

*पीड़ित बलीराम ने बताया कि उन्होंने आरोपी पिता-पुत्र को नौकरी लगाने के लिए रकम की व्यवस्था ब्याज पर उधार में लिया है। राशि उन्होंने ग्राम पूढ़ागढ़ सरायपाली, के कृष्णाचंद छत्रपति से उधार स्वरूप ब्याज में लिया था। राशि देने के बाद सव्यसांची उन्हें आजकल में नौकरी लगने का आश्वासन देता रहा। लेकिन आज तक नौकरी नहीं लगी। जब वह अपना रुपए वापस मांगने के लिए दोनों पिता पुत्र के पास गया तो वे राशि नहीं लौटा रहे हैं।*

# किसान हितैषी है मोदी सरकार, भूपेश सरकार किसानों को निरंतर छलने का काम कर रही-श्याम बिहारी

समर्थन मूल्य बढ़ने पर भाजपा किसान मोर्चा ने किया आभार व्यक्त

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




## दलहन तिलहन फसलों के दाम बढ़ने से राज्य के किसान जायेंगे कैश क्राप की ओर

केंद्र सरकार द्वारा 2022-23 के लिए धान समेत अनेक खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी की गयी है। केंद्र सरकार के आर्थिक मामलो की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा लिए गए। इस फैसले से देश और खासकर छत्तीसगढ़ के किसानो में हर्ष का वातावरण निर्मित हुआ है। धान का समर्थन मूल्य में 100 की वृद्धि कर मोटा धान 1940 से 2040, पतला धान 1960 से 2060 रूपये प्रति क्विंटल किया जाना केंद्र सरकार की किसानो के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है केंद्र सरकार द्वारा 14 खरीफ फसलों की जिसमे ज्वार में 232 रूपये तुवर अरहर में 300 रूपये मुंग में 480 रूपये तिल में 523 रूपये उड़द में 300 रूपये सोयाबीन जिसका उत्पादन छत्तीसगढ़ में भी बहुतायत मात्रा में होता है उसका भी समर्थन मूल्य 350 रूपये बढ़ाया गया इन प्रमुख फसलों के समर्थन मूल्य के बढ़ोत्तरी से प्रदेश के किसान लाभान्वित होंगे जिसके चलते किसानों को लागत खर्च पर लगभग 50 से 85 फीसदी तक लाभ होना तय है केंद्र की किसान हितैषी मोदी सरकार द्वारा किसानो के विकास हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा पिछले 8 साल से किसानों के हित में अनेक फैसले लिए गए है जिसका लाभ देश तथा छत्तीसगढ़ के किसानों तक सीधा पंहुचा है। उपरोक्त बाते भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल ने भाजपा कार्यालय चिरमिरी में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने आगे कहा की दलहन, तिलहन के दाम में अच्छी बढ़त होने से राज्य के किसान एक बार फिर कैश क्राप की और जायेंगे। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा फसलों के समर्थन मूल्य में नाममात्र की बढ़ोतरी जैसे धान में 5.10 रुपए तो दलहनी तिलहनी में 20-25 रुपए क्विंटल की बढ़ोतरी की जाती थी। किसान हितैषी मोदी सरकार में अब यह बढ़ोतरी 100रु से 582 रुपए की हो रही है यह अभूतपूर्व है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद पिछले तीन सालो में धान का समर्थन मूल्य लगभग तीन सौ रूपये बढ़ा है लेकिन भूपेश बघेल सरकार द्वारा इस बढ़ोत्तरी से किसानो को वंचित करने का कार्य किया जा रहा ठीक उसी तरह जैसे मोदी जी द्वारा भेजे गए 5 किलो प्रति व्यक्ति के अतिरिक्त राशन से वंचित किया गया। इसके अलावा छोटे किसानो को भाजपा की मोदी सरकार 6 हजार रूपये प्रति वर्ष किसान सम्मान निधि के तौर पर अतिरिक्त देती है। छत्तीसगढ़ लघु तथा सीमांत किसानो का प्रदेश है प्रदेश के ज्यादातर किसान छोटे किसान है जिनके पास आधा से पौने 2 एकड़ के रकबे वाले खेत है जिन्हे कांग्रेस की प्रदेश सरकार 9000 हजार रूपये प्रति एकड़ की दर से 4-5 हजार रूपये वो भी सवा साल में तरसा तरसाकर देती है जबकि केंद्र की मोदी सरकार उन किसानो को 6000 अतिरिक्ति दे रही है खेदजनक यह भी है कि अपनी झूठी वाह वही बटोरने वाले भूपेश बघेल जी गरीब किसानो पर प्रति एकड 1000 हजार का गोबर टेक्सए 1500 रुपया का बारदाना टेक्स रासायनिक खाद का 4000 का कालाबाजारी टेक्स लगा रखा है और धान की खरीद 1 दिसम्बर से करके किसानो के फसल को अतिरिक्त सूखाने का काम किया जा रहा है जिससे प्रति एकड़ के पीछे 100 किलो से अधिक धान देरी में खरीदी के चलते सुख जाता है जिससे किसानो को 2500 का सीधा सीधा नुकसान हो रहा है। मंडियों में धान समर्थन मूल्य से 600 से 700 रुपए नीचे बिक रहे हैं और भूपेश बघेल किसानों का तमाशा देख रहे हैं। जिसको बाद में राज्य सरकार द्वारा खुद जारी आंकड़ों में 11.8 लाख टन केंद्र सरकार द्वारा मिलना बताया गया। कृषि मंत्री ऐसा बयान देकर किसानों में आपाधापी फैलाकर फर्जी जैविक खाद किसानों को टिका कर गोबर घोटाला की वसूली करना चाहते हैं और षड्यंत्र पूर्वक केंद्र सरकार को बदनाम करना चाहते हैं। खाद के अग्रिम उठाव का कार्य अप्रैल माह में ही शुरू हो जाना चाहिए परंतु समय पर यह सरकार कुंभकर्णी नींद में सोए रहती है। अग्रिम उठाव कार्य में एक से डेढ़ माह विलंब होने से भी वितरण में असुविधा होती है जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना होता है और कलाबाजारियों को मौका मिलता है।

# जेष्ठ माह के पांचवें और साल के अंतिम बड़े मंगलवार पर हनुमान मंदिर में हुआ विशेष पूजा अर्चना

## श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण एवं भंडारे का किया आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

जेष्ठ माह के पांचवें और साल के अंतिम बड़े मंगलवार के मौके पर हनुमान मंदिरों में सुबह से ही दर्शन करने के लिए श्रद्धालु गण पहुंचे। पूजा अर्चना कर सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। सुकमा जिला मुख्यालय स्थित सभी हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया था।



जिले भर में इसी प्रकार के आयोजन का दौर देर शाम तक चलता रहा। भक्तिमय में वातावरण से भक्तों में काफी उत्साह देखने को मिला। जिला मुख्यालय स्थित मां काली मंदिर के प्रांगण में स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं के द्वारा सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया गया। इसके उपरांत प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन बस स्टैंड परिसर में किया गया। इस दौरान गुप्तेश्वर गंगबेर, उमाशंकर तिवारी, सुनील मिश्रा, अशोक त्रिपाठी, श्याम सिंग बघेल, मेडिलाल गुप्ता, जितेन्द गुप्ता, सुशील सविता, नरेंन्द्र सविता, मन्ना तिवारी, भुवनेश्वरी यादव, शीतल प्रभा नर्मदा, पुजा कनौजिया, सत्यभामा गंगबेर सहित महिला मानस मंण्डली के समस्त सदस्यगण मौजूद रहे।

### बड़ा मंगल का महत्व

पंडित सुजीत वैदिक ने बताया कि हिंदू धर्म में भगवान हनुमान की पूजा उपासना का विशेष और खास महत्व होता है। मान्यता है हनुमान अपने भक्तों की मनोकामनाएं जल्दी से पूरा कर देते हैं। मंगलवार के दिन हनुमानजी पूजा करने का विधान होता है लेकिन ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले सभी मंगलवार के दिन भगवान हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। बड़े मंगलवार के दिन भगवान हनुमान की पूजा करने पर सभी तरह के कष्टों से मुक्ति मिल जाती है और भगवान का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पहली बार हनुमानजी और प्रभु श्रीराम ज्येष्ठ के महीने में मंगलवार के दिन मिले थे। इसीलिए इसे बड़ा मंगलवार कहा जाता है। इस साल ज्येष्ठ माह की शुरुआत 17 मई 2022 से होकर यह 14 जून 2022 तक समाप्त हुआ। इस साल ज्येष्ठ महीने की खास बात यह है कि इसका प्रारंभ और समापन दोनों मंगलवार के दिन होगा। वहीं भक्तों को बजरंगबली की आराधना के लिए 5 बड़े मंगल मिलेंगे। इस वर्ष 17 मई, 24 मई, 31 मई, 7 जून और 14 जून को बड़े मंगल पड़ें थे।

### बुढ़वा मंगल क्यों कहते हैं

हर वर्ष ज्येष्ठ माह के मंगलवार के दिन को बड़ा मंगल कहा जाता है। इसके अलावा इस दिन को बुढ़वा मंगल भी कहा जाता है। जब पहली बार भगवान राम और हनुमान की मुलाकात हुई तब ज्येष्ठ माह का मंगलवार का दिन था। इसलिए इसे बड़ा मंगल कहा जाता है। इसके अलावा एक अन्य कथा भी है महाभारत काल में जब भीम को अपने बल पर बहुत घमंड हो गया थाएतब हनुमान जी बूढ़े वानर का रूप धारण कर भीम के घमंड को तोड़ा था। इसी कारण से ज्येष्ठ माह के मंगलवार को बुढ़वा मंगल के नाम से भी कहा जाता है और इस दिन विधिवत हनुमानजी की पूजा आराधना की जाती है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्राम केंदा सड़क पारा में हेंड पंप अनुसंशा से खुदाई का काम चालू कराया

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

ग्राम केंदा सड़क पारा में पेयजल की समस्या कई वर्षों से था। बस स्टैंड केंदा से लेकर अटल चौक केंदा सड़क पारा में एक भी हैंडपंप या अन्य कोई पानी का संसाधन नहीं था इस रास्ते से स्कूल के सभी छात्र छात्रएं आते है



इस रास्ते में मार्केटिंग भी है यहां आसपास के गांव के लोग भी आते जाते रहते हैं। जिन्हे पानी पीने की समस्या होती थी जिसे देखते हुए केंदा के जनप्रतिनिधियों एवं मोहल्ला के वासियों ने अरुण सिंह चौहान को ज्ञापन दिया गया था इस समस्या को देखते हुए अरुण सिंह चौहान के द्वारा तत्काल हैंडपंप पास कर तत्काल खुदाई का कार्य शुरू करवाया गया। जिससे मोहल्ला वासियों एवम केंदा के जनप्रतिनिधियों ने अरुण सिंह चौहान का कोटि कोटि आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर केंदा के जन प्रतिनिधि सुख सागर दास मानिकपुरी, डॉ एके राय, हंस मणि महंत, मनमोहन दास पलेश्वर सोनी,सुनील सोनी,आनंद शर्मा, पप्पू गुप्ता,अमित अग्रवाल,धरम दास एवम मोहल्ला वासी उपस्थित थे।

# युवक पर कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला, आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



रायगढ़ जिले के कापू क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना में घायल व्यक्ति का एक स्थानीय अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं पीड़ित के बड़े भाई की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा एक आरोपी युवक के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया गया है। यह पूरा मामला रायगढ़ जिले के कापू थाना क्षेत्र का है। कापू थाना से 15 किमी दूर विजयनगर के तिलईडांड़ गांव में हुई इस घटना के संबंध में प्रार्थी द्वारा थाने में दर्ज कराई गई एफआईआर के अनुसार वह खेती किसानी का काम करते हैं। वहीं गांव में ही उनका छोटा भाई अलग मकान बनाकर रहता है। प्रार्थी ने बताया कि गांव के ही एक अन्य व्यक्ति के साथ उसके छोटे भाई का किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके कारण वह व्यक्ति रंजिश व मनमुटाव बनाकर रखा हुआ था।

वहीं बीते 13 जून को दिन में करीब 4 बजे आरोपी कुल्हाड़ी लेकर छोटे भाई के पास गया और उस पर हमला कर दिया। जिससे उसके छोटे भाई के सर पर गम्भीर चोट लगी। इसके अलावा पीड़ित के पीठ, हाथ व कमर में भी चोटें आई हैं। जिसके बाद घायल को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। डॉक्टरों द्वारा घायल की स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया है ताकि उचित ईलाज हो सके। वहीं इस मामले की शिकायत पर कापू थाने में आरोपी युवक के खिलाफ आईपीसी की धारा 307 के तहत अपराध कायम कर लिया है। घटना को अंजाम देने के बाद से आरोपी फरार है।

# 2 वाहिनी केरिपुबल के जवानों ने रक्तदान कर विश्व रक्तदाता दिवस मनाये

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

चन्द्रभान बंसोड़ के द्वारा विश्व रक्तदाता दवस के अवसर पर जिला अस्पताल, सुकमा में एक रक्तदान शिविर लगाने के बारे में बताया तथा इसके लिए कमान्डेंट 02 वाहिनी केरिपुबल से विशेष आग्रह किया कि इस अवसर पर यदि संभव हो तो सीआरपीएफ के जवान भी रक्तदान कर सकते हैं। इनके रक्तदान से जिला अस्पताल के पास ठसववक ठंदा में काफी प्रयाप्त मात्रा में रक्त उपलब्ध हो जाएगा जिससे जिला अस्पताल सुकमा में इलाजरत मरीजों का इलाज करने में काफी सुविधा होगी।

जैसा कि यह सभी को ज्ञात है कि सुकमा के ज्यादातर मरीज ऐनिमाईक से ग्रसित होते है तथा उनके इलाज के दौरान रक्त की काफी मात्रा में जरूरत पड़ती है।



इस विशेष आग्रह पर तत्परता से विचार करते हुए 2 री वाहिनी के रिपु बल के कई अधिकारीए अधिनस्थ अधिकारी व जवानो कुल 28 ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। वाहिनी के अफसरों में नवीन राणा द्वितीय कमान अधिकारी कुलदीप कुमार उप कमाण्डेन्ट जितेन्द्र कुमार यादव सहायक कमाण्डेन्ट थे। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी ने आम जन को रक्तदान के महत्व के बारे में भी बताया तथा सीएचएमओ को बताया कि भविष्य में भी यदि जिला अस्पताल सुकमा को कभी भी रक्त की जरूरत हो तो वह निः संकोच इसके लिए आग्रह अवगत कर सकते है। इससे पहले भी कई बार आकस्मिक स्थिति के दौरान 02 वाहिनी केरिपुबल के जवानों द्वारा रक्त देकर स्थानीय नागरिकों की जान बचाई गई है। इस अवसर पर अशोक कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी 2 री वाहिनी के रि पु बल के द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस पर सभी स्थानीय लोगों व स्वास्थ्य कर्मियों को शुभकामनाए दी गई।

## एक नजर

रोजगार मेला

### 20 पदों में भर्ती के लिए 15 जून को लगेगा मेला

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में होगा आयोजन,

**कोरबा** । जिले के युवाओं को रोजगार प्रदान करने जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में 15 जून को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले के माध्यम से जिले के युवाओं को अपना भविष्य संवारने का सुनहरा मौका मिलेगा। रोजगार मेले के माध्यम से दो निजी संस्था एस.बी.आई. कार्ड और आईसीआईसीआई बैंक कोरबा में रिलेशनशिप मैनेजर और ब्रांच रिलेशनशिप एक्जीक्यूटिव्ह के कुल 20 पदो पर रोजगार मेले के माध्यम से भर्ती की जाएगी।

जिला रोजगार अधिकारी श्री जे.पी. खाण्डे ने बताया कि रोजगार मेले में स्नातक पास आवेदको की नियुक्ति की जानी है। रोजगार के लिए युवाओं की भर्ती इंटरव्यू-प्लेसमेंट के माध्यम से की जाएगी। जिले के इच्छुक बेरोजगार युवा 15 जून को सुबह 11 बजे जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### महाविद्यालयीन विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति के ऑनलाईन आवेदन 15 जुलाई तक आमंत्रित

**कोरबा** । शिक्षा सत्र 2022-23 में शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, आई.टी.आई., नर्सिंग, पॉलिटेक्निक, डाईट आदि संस्थाओं में नियमित अध्ययनरत् अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये ऑनलाईन आवेदन 15 जुलाई 2022 तक मंगाए गए हैं। अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के विद्यार्थियों जो राज्य शासन द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, उनका पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही ऑनलाईन पोर्टल पर किया जाना हैं। अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल`बीवसंतेंीपचेण्हवअण्पद पर आवेदन करना होगा। इस पोर्टल में सफल आवेदन पंजीयन के पश्चात आवेदन की शेष जानकारी के लिए छत्तीसगढ राज्य पोर्टल में आवेदन करना अनिवार्य होगा। उक्त दोनों पोर्टल पर आवेदन नही करने पर छात्रवृत्ति भुगतान नही होगा।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि सभी कालेजों के विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के नये आवेदन एवं नवीनीकरण के आवेदन इसी पोर्टल पर स्वीकार किये जायेंगे। शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा ड्रॉफ्ट प्रपोजल 25 जुलाई 2022 तक लॉक कर दिये जायेंगे तथा सेंकशन ऑर्डर 10 अगस्त 2022 तक लॉक कर दिए जाएंगे। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि महाविद्यालयों के प्राचार्यों और प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियों को अपने संस्था के सभी पात्र विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये ऑनलाईन आवेदन करना सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी दी गयी है। किसी भी स्थिति में विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति से वंचित रहने पर संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे।

### बाल श्रम निषेध दल की बैठक सह कार्यशाला हुआ सम्पन्न

**कोरबा** । विश्व बाल श्रम निषेध के अंतर्गत कोरबा जिले में 12 जून से 18 जून तक बाल श्रम उन्मूलन कार्यक्रम कर जागरूकता एवं दोषियों के विरूद्व कार्यवाही किया जा रहा हैं। बाल श्रम निषेध अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर बाल श्रम रोकथाम दल का भी गठन किया गया है। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री विजेन्द्र पाटले की अध्यक्षता में बाल श्रम हेतु जिला स्तर पर गठित दल की बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर द्वारा बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियेमन अधिनियम 1986 की धारा 17 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उन्हें आबंटित कार्यक्षेत्र के लिए अधिनियम के प्रयोजन के लिए सर्व संबंधितों को वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार करने तथा प्रशिक्षण देने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जिला सहायक श्रम आयुक्त श्री राजेश आदिले, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री एम.डी. नायक, जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री दयादास महंत, बालक कल्याण समिति के सदस्य श्री गोकुल दास, श्रीमती बीता चक्रवर्ती सहित चाईल्ड हेल्पलाईन के कार्यकर्ता एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि बाल श्रम रोकथाम दल में श्रम विभाग, पुलिस विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 के कार्यकर्ता तथा स्थानीय स्वयं सेवी संस्था के प्रतिनिधियों को सम्मिलित किया गया है। उपरोक्त दल द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर औचक निरीक्षण करते हुए बाल श्रमिक पाये जाने पर संबंधितों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# एसडीएम के आदेश के खिलाफ कमिश्नर ने दिया स्थगनादेश

## मामला बेलसोंडा सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर का

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

जिले की सक्रिय सरपंच बेलसोंडा भामिनी पोखन चंद्राकर के निलंबन पर कमिश्नर रायपुर ने स्टे दे दिया है। स्टे ऑर्डर के आधार पर सरपंच चंद्राकर का निलंबन शून्य ही माना जाएगा।



विदित है कि 1 जून 2022 को सरपंच चंद्राकर को पदीय कर्तव्यों ने निर्वहन मे लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर कारण बताओ नोटिस अनुविभागीय अधिकारी द्वारा जारी किया गया तथा 8 जून 2022 को पद से निलंबित कर दिया था। चंद्राकर के अनुसार उन्हें जून 2022 को नोटिस मिला तथा 7 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत नही करने पर एक पक्षीय कार्यवाई करना बताया गया था सरपंच चंद्राकर ने निर्धारित समय के भीतर 9 जून 2022 को कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत कर दिया था तथा जांच अधिकारी द्वारा मांगी गई जानकारी 7 जून 2022 को जमा कर दिया गया था जिसका पावती भी सुरक्षित है जांच मे जब किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता नही पाया गया तो जांच दल के साथ असहयोगात्मक रवैया अपनाने का आरोप लगाकर निलंबित किया जाना अनुविभागीय अधिकारी का पूर्वाग्रह से ग्रसित एवम् बदले की भावना को उजागर करता है। उक्त कारण बताओ नोटिस मे सात दिवस का समय देने के बावजूद मात्र पांच दिन में ही निलंबन आदेश जारी करना एक न्यायालय के लिए न्यायसंगत निर्णय नही माना जाएगा। सरपंच चंद्राकर ने निलंबन आदेश के विरुद्ध पुनरीक्षण नियम 1995 छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम के नियम 5 के तहत कमिश्नर रायपुर संभाग को शपथ पत्र प्रस्तुत कर स्थगन हेतु आवेदन प्रस्तुत कर त्वरित न्याय के लिए अपील किया तत्पश्चात माननीय न्यायालय आयुक्त रायपुर द्वारा निलंबन आदेश को स्थगित करने का आदेश अनुविभागीय अधिकारी महासमुन्द रा. को दिया गया। बता दे कि सरपंचचंद्राकर को निलंबित किए जाने के बाद गांव में एसडीएम के विरुद्ध तनाव की स्थिति बन गई थी तथा 15 पंचों के साथ गांव की महिलाएं तीन ट्रैक्टर मे एसडीएम का घेराव करने पर उतारू हो गए थे जिसे न्यायालयीन मामला बताकर स्वयं सरपंच भामिनी द्वारा समझाईश देकर शांत किया गया था।

# भाजपा के कद्दावर नेता व पूर्व मण्डल अध्यक्ष नकुल ठाकुर ने थामा कांग्रेस का हाथ

## कहा भूपेश सरकार के नीति और क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी के कार्यों से प्रभावित होकर किया कांग्रेस प्रवेश

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।



मंगलवार को बीजापुर में भाजपा के कद्दावर नेता व पूर्व मण्डल अध्यक्ष नकुल ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी के रीति-नीति व भूपेश सरकार और क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी के कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस का हाथ थामा लिया है। कांग्रेस नेताओं ने पार्टी का गमछा और फुल माला पहनाकर नकुल ठाकुर का पार्टी में स्वागत किया है। कांग्रेस प्रवेश करने के उपरांत मीडिया के समक्ष नकुल ठाकुर ने संक्षेप में कहा कि श्प्रदेश की भूपेश सरकार के नीति और क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी के कार्यों को देखते हुए खुशी खुशी कांग्रेस पार्टी में प्रवेश किया हूं। विदित हो कि नकुल ठाकुर भाजपा में रहते हुए लगातार पंद्रह वर्षों तक भाजपा भैरमगढ़ ब्लॉक के मंडल अध्यक्ष रहे है। इस दौरान बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, जिला पंचायत सदस्य सोमारु कश्यप, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, जनपद उपाध्यक्ष सहदेव नेगी, सांसद प्रतिनिधि वेणुगोपाल राव, सीता राम मांझी, जिला महामंत्री एवं पार्षद सुखदेव नाग, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ज्योति कुमार एवं मीडिया प्रभारी राजेश जैन आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## सुनैना की फिल्म रेजिना का फर्स्ट लुक जारी



निर्देशक वेंकट प्रभु ने निर्देशक डोमिन डिसिल्वा की महिला केंद्रित फिल्म रेजिना का पहला लुक जारी किया, जिसमें अभिनेत्री सुनैना मुख्य भूमिका में हैं। ट्विटर पर लेते हुए, वेंकट प्रभु ने कहा, सुनैना अभिनीत, रेजिना का आधिकारिक फर्स्ट लुक प्रस्तुत करना, मेरे प्रिय मित्र सतीश नायर द्वारा निर्मित और संगीत। डोमिन डिसिल्वा द्वारा निर्देशित तमिल, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज हो रही है।वेंकट प्रभु ने जहां फिल्म के तमिल, तेलुगु और हिंदी के फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किए, वहीं मलयालम पोस्टर जाने-माने मलयालम निर्देशक आशिक अबू द्वारा जारी किया गया। यह फिल्म, जो एक निर्देशक के रूप में तमिल सिनेमा में डोमिन डिसिल्वा के प्रवेश की शुरूआत करेगी, का निर्माण येलो बियर प्रोडक्शन एलएलपी द्वारा किया जा रहा है।

## सलमान खान की 'भाईजान' में अब हुई पलक तिवारी की एंट्री



सलमान खान की फिल्म 'भाईजान' बीते कुछ दिनों से हो रहे बदलावों के कारण सुर्खियों में है।कुछ दिन पहले ही फिल्म का नाम 'कभी ईद कभी दीवाली' से बदलकर 'भाईजान' किया गया है। इसके अलावा फिल्म की कास्ट में लगातार बदलाव हो रहे हैं।अब खबर है कि इस फिल्म में पलक तिवारी को लिया गया है।बता दें कि पलक चर्चित टीवी अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी हैं।

रिपोर्ट के अनुसार सलमान ने खुद 'भाईजान' के लिए पलक को चुना है।इस फिल्म में पलक गायक-अभिनेता जस्सी गिल के ऑपोजिट नजर आएंगी। इससे पहले चर्चा थी कि जस्सी के ऑपोजिट शहनाज गिल काम कर रही हैं।'बिग बॉस' से लोकप्रिय हुईं शहनाज इस फिल्म से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं।हालांकि, फिल्म में बार-बार हो रहे बदलावों के कारण चर्चा थी कि शहनाज इस पर दोबारा विचार कर सकती हैं।

पलक टीवी अभिनेत्री श्वेता तिवारी और उनके पहले पति राजा चौधरी की बेटी हैं। पलक ने पर्दे पर अपना डेब्यू नहीं किया है, लेकिन सोशल मीडिया पर वह सुर्खियों में रहती हैं। एक बार नेपोटिज्म के सवाल पर पलक ने कहा था कि स्टारकिड्स का हक बनता है।

## गोल्डन बिकिनी पहनकर नम्रता मल्ला ने कराया फोटोशूट, अदाएं देख फैंस हुए बेकाबू



नम्रता मल्ला भोजपुरी इंडस्ट्री की सबसे स्टाइलिश और ग्लैमरस एक्ट्रेस में से हैं। जो हमेशा ही अपने लुक्स के साथ एक्सपेरिमेंट करती नजर आती हैं। नम्रता मल्ला फैंस के सामने नई फोटोज और वीडियोज लेकर हाजिर हो जाती हैं। अब एक्ट्रेस का सोशल मीडिया पर बिकिनी लुक वायरल हो रहा है।

तस्वीरों में नम्रता गोल्डन कलर की बिकिनी पर इंडियन ज्वैलरी पहने दिख रही हैं। बिकिनी पर भोजपुरी एक्ट्रेस ने कानों में झुमके, नाक में नथ और मांग टीका पहना हुआ है।

फोटोज में नम्रता मल्ला को अलग-अलग स्टाइलिश पोज देते हुए भी देखा जा सकता है। एक्ट्रेस का ऐसा कातिलाना अंदाज देख कर बाकी लोगों के दिल जरूर बेकाबू हो रहे हैं।

लुक को कंप्लीट करने के लिए एक्ट्रेस ने लाइट मेकअप किया है और बालों को बांधा हुआ है। लोगों के लिए उनकी अदाओं से नजरें हटाना मुश्किल हो गया है।

नम्रता ने इस बार हॉटनेस के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अब उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं।फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

आपको बता दें कि नम्रता अपने प्रोजेक्ट्स से ज्यादा बोल्ड लुक्स के कारण चर्चा में रहती हैं। उन्होंने पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर तहलका मचाया हुआ है। ऐसे में देखते ही देखते आज वह सोशल मीडिया सेंसेशन बन चुकी हैं।

## खून में घुल चुका है यूरिक एसिड तो बाहर निकालने के लिए खाएं ये फल

यूरिक एसिड खून में पाया जाने वाला एक गंदा पदार्थ है। जी दरअसल यह तब बनता है जब शरीर प्यूरीन नाम के रसायनों को तोड़ता है। आपको बता दें कि यूरिक एसिड खून में घुल जाता है और किडनी से होकर टॉयलेट के साथ निकल जाता है लेकिन कई बार यह निकल नहीं पाता और खून में जमा होता रहता है इससे आपको हाइपरयूरिसीमिया नाम की बीमारी का खतरा हो सकता है हाइपरयूरिसीमिया बीमारी की वजह से यूरिक एसिड क्रिस्टल का रूप ले लेता है और ये क्रिस्टल जोड़ों में जमा हो जाते हैं और गठिया गाउट का कारण भी बन सकते हैं। जी दरअसल कई बार ये किडनी में भी जा सकते हैं



पथरी भी बना सकते हैं। हालाँकि यूरिक एसिड से बचने का सबसे आसान उपाय यह है कि आप उन चीजों का सेवन न करें जिनमें प्यूरीन की मात्रा कम होती है। जी दरअसल यूरिक एसिड के लिए कई दवाएं और इलाज हैं लेकिन आप कुछ फलों को अपनी डाइट में शामिल करके नैचुरली इसका लेवल कम कर सकते हैं।

### सिट्रस फ्रूट्स

अंगूर, संतरा, अनानास और स्ट्रॉबेरी जैसे फलों में विटामिन सी पाया जाता है जो आपके यूरिक एसिड लेवल को कम करते हैं। इसी के साथ गाउट के जोखिम को भी रोकने में मदद करते हैं हालाँकि अगर आप अपने गठिया के लिए कोल्सीसिन दवा लेते हैं तो अंगूर न खाएं क्योंकि यह आपकी दवा के असर को कम कर सकता है।

### एवोकैडो

अगर आप यूरिक एसिड को कम करना चाहते हैं तो अपनी डाइट में एवोकैडो शामिल कीजिये। जी दरअसल यह एंटीऑक्सीडेंट का एक बेहतर स्रोत है। आपको बता दें कि एवोकाडो में विटामिन ई की मात्रा काफी ज्यादा होती है जो एक एंटी-इंफ्लेमेटरी है जो गाउट को रोकने में मदद कर सकता है।

### एप्पल

सेब में फाइबर की मात्रा काफी ज्यादा होती है जो यूरिक एसिड लेवल को कम करने में मदद करती है। इसी के साथ फाइबर आपके शरीर से अतिरिक्त यूरिक एसिड को खत्म करता है। वहीं सेब में मैलिक एसिड होते हैं जो शरीर में यूरिक एसिड के प्रभाव को बेअसर कर देते हैं।

## च्विंगम चबाने से होते हैं लाजवाब फायदे

अक्सर आपको लोग च्विंगम चबाते होंगे या आपको ऐसे लोग दिख जाते होंगे जो च्विंगम चबाते होंगे। जी दरअसल च्विंगम चबाने से मसूड़ों और सिर पर काफी प्रभाव पड़ता है। कई लोग खाली समय चुइंगम चबाना या किसी काम को करते वक्त चुइंगम चबाना पसंद करते हैं। अब आज हम आपको बताने जा रहे हैं च्विंगम चबाने के फायदे।



### च्विंगम चबाने के फायदे

जी दरअसल लुइसियाना स्टेट यूनिवर्सिटी के शोध के अनुसार दोपहर का खाना खाने के बाद जो लोग च्विंगम चबाते हैं, उन्हें पूरे दिन भूख कम लगती है। केवल यही नहीं बल्कि इसके अलावा वह लोग अधिक कैलोरी वाले खाने-पीने के सामान को खाने से बचते हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया में ब्रिटिश साइंसेज इंस्टिट्यूट के प्रोफेसर एंड्रयू शोले का कहना है कि च्विंगम चबाने से शॉर्ट टर्म मेमोरी की समस्या में 35 प्रतिशत से अधिक का सुधार होता है। लेकिन क्या आपको पता है कि च्विंगम चबाने के दौरान दिमाग में खून का प्रवाह भी अच्छे से होता है।

### पाचन क्रिया भी बेहतर

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार च्विंगम चबाने से तनाव कम होता है। केवल यही नहीं बल्कि लोग इसे चबाने के समय घबराहट महसूस नहीं करते। जी दरअसल च्विंगम चबाने के दौरान मुंह में थूक अधिक आता है। यह डायजेस्टिव एसिड को पेट से मुंह में आने से रोकता है। जी हाँ और यही कारण है कि खाना आसानी से पच जाता है और पाचन क्रिया भी बेहतर होती है।

डबल चिन से रहत- कई लोग ओरल हेल्थ को लेकर भी बहुत परेशान रहते हैं। वहीं च्विंगम चबाने से दांतों की सड़न व मुंह से बुरी दुर्गंध समाप्त हो जाती है। इसके अलावा ऊपर से दांत भी साफ रहते हैं। वहीं जिन लोगों को डबल चिन होती है यानि गले के पास मोटापा दिखने लगता है, उनके लिए चुइंगम चबाना एक्सरसाइज जैसा है।

**खेल**

## भारत के लिए करो या मरो की जंग

7 साल बाद घर में साउथ अफ्रीका से सीरीज हारने का खतरा, जानिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग इलेवन

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेली जा रही 5 मैचों की टी-20 सीरीज का तीसरा मुकाबला आज शाम 7 बजे से विशाखापट्टनम में खेला जाएगा। पहले दो मैचों में टीम इंडिया को करारी हार झेलनी पड़ी है।




अगर आज टीम इंडिया मैच हारती है तो उन्हें सीरीज भी गंवानी पड़ेगी। इससे पहले भारत में साउथ अफ्रीका ने 2015 में वनडे और टी-20 सीरीज अपने नाम की थी। उस समय महेंद्र सिंह धोनी टीम इंडिया के कप्तान थे। उसके बाद साउथ अफ्रीका कोई भी सीरीज भारत में नहीं जीत पाया है। ऐसे में आज का मैच ऋषभ पंत की टीम के लिए काफी अहम होने वाला है।

भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरा टी-20 मुकाबला 4 विकेट से हार गई थी। तीनों फॉर्मेट को मिलाकर ये भारत की साउथ अफ्रीका के खिलाफ लगातार 7वीं हार थी। इससे पहले भारत को साउथ अफ्रीका दौरे पर लगातार दो टेस्ट और तीन वनडे मैचों में हार झेलनी पड़ी थी।

डॉ. वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम की पिच गेंदबाजों को मदद कर सकती है। यहां हमेशा से ही गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं। पिच से स्पिनर्स को अच्छी खासी मदद मिल सकती है। अब तक यहां 2 टी-20 मुकाबले खेले गए हैं। दोनों बार पहले गेंदबाजी करने वाली टीम ने जीत दर्ज की है।

इस पिच पर सर्वाधिक टी-20 स्कोर 127 रन का है। यहां आखिरी मुकाबला 2019 में खेला गया था। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 3 विकेट से हराया था। मौसम की बात करें तो मुकाबले के दौरान हल्के बादल छाए रहने की संभावना है। तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

### प्लेइंग इलेवन में क्या बदलाव कर सकती है दोनों टीमें?

साउथ अफ्रीका दूसरे टी-20 मैच में जिस प्लेइंग इलेवन के साथ उतरी थी। उसी के साथ उतर सकती है। वहीं, टीम इंडिया अपनी प्लेइंग इलेवन में 3 बदलाव कर सकती है। पिछले दो मैच में कुछ खास नहीं कर पाए ऋतुराज गायकवाड़, अक्षर पटेल की टीम से छुट्टी हो सकती है।

## भारत के दिग्गज एथलीट हरि चंद का निधन, एशियाई खेलों में जीते थे दो गोल्ड मैडल

**होशियारपुर** । खेल जगत के लिए बूरी खबर है। भारतीय पूर्व लंबी दूरी के धावक हरि चंद ने आज होशियारपुर में अंतिम सांस ली। उन्होंने एशियाई खेलों में डबल गोल्ड मेडल जीतने के साथ 2 ओलंपिक में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था। 1 अप्रैल 1953 को जन्में हरि चंद लंबी दूरी के धावक थे, उनका जन्म पंजाब के होशियारपुर में ही हुआ था। हरिचंद भारत के उम्दा लंबी दूरी का धावकों में से एक थे। उन्होंने 1976 के ओलिंपिक में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने 28.48.72 समय में 10000 मीटर की दूरी नापकर नया नेशनल रिकॉर्ड बनाया था। 1976 के ओलिंपिक में उनका बनाया नेशनल रिकॉर्ड 32 साल तक बरकरार रहा था। इस रेस में वो 8वें नंबर पर आए



थे। हरि चंद ने इसके बाद 1980 के मास्को ओलिंपिक में मैराथन रेस में भारत का प्रतिनिधित्व किया। लेनिन स्टेडियम में हुए इस रेस को उन्होंने 2.22.08 का वक्त निकालते हुए पूरा किया. इस रेस में वो 22वें नंबर पर रहे थे।

साल 1978 में थाइलैंड में हुए एशियन गेम्स में हरि चंद ने 2 इवेंट में हिस्सा लिया। इस एशियन गेम्स में उन्होंने 5000 मीटर और 10000 मीटर दोनों ही रेस में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

**एक नजर**

## भारत में आईपीएल के एक मैच की वैल्यू 100 करोड़

नीलामी से अमेजन, गूगल और फेसबुक बाहर

**नई दिल्ली** । आईपीएल दुनिया की दूसरी सबसे महंगी स्पोर्टिंग प्रॉपर्टी बन चुकी है। आईपीएल और बीसीसीआई ने एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। इंडस्ट्री के अनुमान के मुताबिक, आईपीएल के नए मीडिया राइट्स की ई-नीलामी के बाद आईपीएल की प्रति मैच वैल्यू 100 करोड़ पार पहुंच गई है।




आईपीएल मीडिया राइट्स के लिए ई-नीलामी मुंबई में शुरू हुई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) वर्ष 2023 से 2027 तक के लिए मीडिया राइट्स बेच रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टीवी और डिजिटल अधिकार के लिए बोली 42 हजार करोड़ को पार कर चुकी है। आईपीएल के मैच की वैल्यू 100 करोड़ हो चुकी है। पिछली बार यह करीब 55 करोड़ रुपये थी। सोमवार को नीलामी शाम छह बजे तक चलेगी। नीलामी पूरी नहीं होने की स्थिति में मंगलवार को भी प्रक्रिया जारी रहेगी।

पिछले साल 35 करोड़ दर्शकों ने देखा आईपीएल

आईपीएल का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स के चैनलों और डिज्नी + हॉटस्टार पर हुआ था। पिछले सीजन में लीग मैच की व्यूअरशिप 35 करोड़ (350 मिलियन) दर्शकों तक पहुंच गई थी।

नीलामी के लिए 12 कंपनियों ने टेंडर फॉर्म खरीदे थे। अब टेबल पर सात कंपनियां नीलामी में बोली लगाने के लिए मौजूद हैं। वायकॉम-रिलायंस, डिज्नी+हॉटस्टार, सोनी पिक्चर्स, जी ग्रुप, सुपरस्पोर्ट, टाइम्स इंटरनेट, फनएशिया नीलामी में भाग ले रही हैं। मीडिया राइट्स खरीदने वाली कंपनियों को 2023 से 2025 तक तीन सीजन में 74-74 मैच मिल सकते हैं। 2026 और 2027 में मैचों की संख्या 94 पहुंच सकती है।

## भारत ने एशिया कप फुटबॉल के लिए किया क्वालिफाई

पहली बार बैक टु बैक खेलेगी टीम, पांचवीं बार क्वालिफाई किया

**कोलकाता**। भारतीय फुटबॉल टीम ने एशिया कप-2023 के लिए क्वालिफाई किया है। यह पहला मौका है जब भारतीय टीम लगातार दूसरी बार एशिया कप खेलेगी। उसे ‹ष्टस्न क्वालिफायर्स में फिलिस्तीन की जीत का फायदा मिला है। ओवर ऑल क्वालिफिकेशन की बात करें तो भारत ने पांचवीं बार इस प्रतियोगता के लिए क्वालिफाई किया है। एशिया कप का आयोजन अगले साल 16 जून से 16 जुलाई के बीच चीन में होगा। साल 2019 में जब भारतीय टीम ने एशिया कप में खेला था तो 3 में से 2 ग्रुप मैच में उसे हार मिली थी और वह आखिरी पायदान पर रही थी। टीम



इंडिया को फिलिस्तीन की जीत का फायदा मिला है। जैसे ही प्रतियोगिता में मंगलवार को फिलिस्तीन ने ग्रुप बी के आखिरी मुकाबले में फिलीपींस को 4-0 से हराया, वैसे ही भारत बिना अपना आखिरी मुकाबला खेले एशिया कप के लिए क्वालिफाई कर गया है। वर्तमान स्थिति में भारतीय टीम प्वाइंट टेबल में फिलीपींस से दो अंकों की बढ़त पर है। उसके टेबल में 6 अंक हासिल किए, जबकि फिलीपींस के 4 अंक हैं। ग्रुप डी वह हॉन्ग कॉन्ग के साथ टेबल में दूसरे नंबर पर है। दोनों के एक समान छह-छह अंक हैं। ऐसे में हॉन्ग कॉन्ग गोल डिफरेंस के आधार पर ग्रुप के ट्रॉप पर है।

## एआईसीएफ ने एफआईडीई के उपाध्यक्ष पद के लिए विश्वनाथन आनंद की उम्मीदवारी का समर्थन किया

महाबलीपुरम । अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने विश्व शतरंज महासंघ (एफआईडीई) के उपाध्यक्ष पद के लिए विश्वनाथन आनंद की उम्मीदवारी का सर्वसम्मति से समर्थन करने का फैसला किया है।



शनिवार को आयोजित एआईसीएफ की वार्षिक बैठक के बाद, सदन ने सर्वसम्मति से आगामी एफआईडीई चुनाव में उपाध्यक्ष पद के लिए पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद की उम्मीदवारी का समर्थन करने का निर्णय लिया और साथ ही भरत सिंह चौहान को एआईसीएफ प्रतिनिधि के रूप में नामित किया।

सदन ने शतरंज ओलंपियाड को कम समय में सफलतापूर्वक बनाने के लिए भरत सिंह चौहान को बधाई देकर उनकी सराहना की। सदन ने सर्वसम्मति से तमिलनाडु सरकार और भारत सरकार को ओलंपियाड के लिए भारी समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया, जिससे एआईसीएफ को कम समय में इस आयोजन को आयोजित करने में मदद मिली।

एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में सदन ने व्यक्तिगत आधार पर आईएम दिनेश शर्मा के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया और चयनकर्ता पद को भरने के लिए अंतरराष्ट्रीय मास्टर नीरज कुमार मिश्रा को नामित किया।

## दूसरा टी20 मैच : दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 4 विकेट से हराया, क्लासेन ने ठोका अर्धशतक

**कटक** । बाराबती स्टेडियम में यहां खेले गए सीरीज के दूसरे टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका ने विकेटकीपर हेनरिक क्लासेन (81) की शानदार बल्लेबाजी की मदद से भारत को चार विकेट से हरा दिया। वहीं, भारतीय गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने चार विकेट झटके। शानदार बल्लेबाजी के लिए हेनरिक क्लासेन को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। इससे पहले भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाए थे। भारत द्वारा जीत के लिए दिए गए 149 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। टीम की ओर से सलामी जोड़ी कप्तान टेंबा बावुमा और रिजा हेंड्रिक्स ने पारी को शुरुआत दी, जहां हेंड्रिक्स गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के पहले ओवर की छठी गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए। उनके बाद ड्वेन प्रिटोरियस क्रीज पर आए।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कुनकुरी विधानसभा की जनता के सपनों को साकार करने कटिबद्ध - यूडी मिंज

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जनता के लिए सपने देखने का साहस हर राजनेता में नई होता है। वर्षों बाद कोई एक ऐसा नेता राजनीतिक परिदृश्य में देखने में आया है जो सिर्फ जनता के लिए सोंचते है। उनके विकास के उड़ान के लिए काम करते हैं उनका नाम यूडी मिंज है जो जशपुर जिले के कुनकुरी विधानसभा के विधायक हैं और वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन में संसदीय सचिव हैं।

उनकी सोंच दूरगामी है वे ऐसा काम करना चाहते है जो पीढियों तक अनवरत चलता रहे और क्षेत्र के लोग, उनके परिवार और सर्व समाज का निर्माण हो सके। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी परिकल्पना फलीभूत होती नजर आ रही है वे किसान परिवार से आते हैं और शिक्षा प्राप्त कर उनकी सोंच शिक्षा, कृषि पर्यटन एडवेंचर टूरिज्म, जैवविविधता, पर्यावरण,सिंचाई में क्षेत्र की स्थिति बदलने के लिए इंजीनियरिंग छोड़ कर राजनीति में आये विधायक बने और सपने को साकार कर रहे हैं इसमें वे सफल भी हो रहे हैं। उन्होंने 2019 में क्षेत्र की जनता को कृषि महाविद्यालय की सौगात दी, 2020 में उद्यानिकी महाविद्यालय, की स्वीकृति कराई है इन दोनों महाविद्यालय के अनुसंधान रिसर्च प्रशिक्षण के माध्यम से भविष्य में किसानों के साथ क्षेत्र की तक़दीर भी बदलेगी। इससे किसान समृद्ध होगा उससे जशपुर जिला एग्रो इको टूरिज्म की दिशा में ख्याति प्राप्त करेगा इस दिशा में यह शुरुआती प्रयास है।



इसके साथ उन्होंने क्षेत्र की सभी मुख्य मार्ग को ठीक करने का बीड़ा उठाया और सभी सड़कों को स्वीकृत करा कर काम भी आरम्भ करा दिया है। जिले में अभी 300 करोड़ के मुख्य सड़क, स्टेट हाईवे, पीएमजीएसवाई की सड़कें बन रही है जो क्षेत्र को पर्यटन की दिशा तय करने में मददगार होगा। जिले के बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दूसरे विद्यार्थियों से प्रतिस्पर्धा कर सकें। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए लगातार गुणवत्ता शिक्षा पर कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कुनकुरी विधान सभा में गुणवत्ता के पर्याय बन चुके संकल्प शिक्षण संस्थान का दूसरा केंद्र कुनकुरी में गत वर्ष प्रारंभ किया गया था। इस संस्थान के माध्यम से इस विधान सभा के मुख्य रूप से आर्थिक रूप से पिछड़े जनजाति समुदाय के बच्चों को निश्चित ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराया जा रहा है। हमारे पास वर्तमान में उपलब्ध संसाधन का बेहतर उपयोग करते हुए हम इस लक्ष्य को पूरा करेंगे और यही शिक्षा के लिए 2022 का हमारा सपना है।

पर्यटकों को आकर्षित करने वाटर एक्टिविटी के लिए स्पीड बोट, बनाना राइड, वाटर स्कूटर, स्लीपिंग बोट आदि मयाली डेम में लगाया जा रहा है। वहींए पानी और जमीन से हवा में पैरासिलिंग पर उड़ान की व्यवस्था विधायक यूडी मिंज के द्वारा की जा रही है। यहां हॉट अर बलुन, पैरा ग्लाइडिंग की गतिविधियां भी आरंभ हो रही है। इसके स्थापित होने के बाद यहां पर्यटकों का आना शुरू हो जाएगा। पूरे मध्यभारत में जशपुर एक नए पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित होगा जिसका श्रेय विधायक यूडी मिंज को जाता है उन्होंने जो कहा सो किया। कृषि क्षेत्र में ग्रामीणों और किसानों को जागरूक करते हुए रबी की फसल लेने के लिए प्रोत्साहित किया है जिसके लिए विभागीय प्रयास के पृथक उन्होंने किसानों को मक्का अरहर के बीज भी वितरण कराए इसके साथ ही उनके द्वारा विधानसभा क्षेत्र में 61 संयुक्त बाड़ी बनावा रहे हैं जिसमें किसान आधुनिक तकनीक के माध्यम से खेती करेंगे जिससे उनकी आमदनी चार गुना बढ़ेगा। संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक यूडी मिंज का मानना है कि जशपुर के लोगों के बेहतर हित में यह लाल और नारंगी श्रेणी के संयंत्रों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के बजायएहमें कृषि और प्राकृतिक संसाधन आधारित उद्योगों पर ध्यान की सलाह उन्होंने दी है। क्योंकि यह क्षेत्र की जैव विविधता को पूरी तरह से खराब कर देगा।

साथ ही यह हजारों स्थानीय जनजातियों की आजीविका को प्रभावित करेगा ए जबकि दूसरी ओर कृषि खेती और प्राकृतिक संसाजनों से सबंधित अन्य औद्योगिक गतिविधियों से स्थानीय लोगों का नारी रोजगार पैदा होगा और साथ ही साथ जशपुर जिले के जैव विविधता संरक्षण में भी मदद मिलेगी ।

नि:सन्देह जशपुर जिले का भविष्य ऐसे जनप्रतिनिधियों के कारण अपना नाम विश्वपटल में स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। इस को आधार रखकर अब 2022 के सपनों की उड़ान होगी इसी सपने के आधार पर संसदीय सचिव यूडी मिंज अपने विधानसभा की जनता को 2022 के लिए नए सपने और नए सौगात देने के लिए तैयार हैं जिसकी आस विधानसभा क्षेत्र की जनता लगाए बैठी है।

## पति और उसकी गर्लफ्रेंड को नंगा कर गांव में घुमाया

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में एक पत्नी ने अपने पति को उसकी प्रेमिका के साथ एक कमरे में पकड़ लिया। इस पर पत्नी ने जमकर हंगामा किया। पति की इस बेवफाई से नाराज पत्नी ने गांववालों को भी इकट्ठा कर लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने सजा के तौर पर पहले तो युवक और उसकी प्रेमिका को पीटा, फिर उनके कपड़े उतरवाए, बाद में दोनों को नग्न अवस्था में पूरे गांव में घुमाया गया। अब इस मामले में पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस पूरे घटनाक्रम का वीडोयो भी वायरल हो गया है।



फरसगांव SDOP मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि, उड़न्दाबेड़ा इलाके के रहने वाले एक शादीशुदा युवक का इलाके की ही एक युवती के साथ पिछले कई दिनों से प्रेस प्रसंग का मामला चल रहा था। युवक का अपनी प्रेमिका के घर आना-जाना लगा रहता था। जब शनिवार को पत्नी को इस बात की भनक लगी तो वह अपने पति के प्रेमिका के घर पहुंच गई। जहां पहले से ही पति और युवती दोनों साथ में एक कमरे में बैठे मिले। इस बात से नाराज पत्नी ने शोरगुल कर ग्रामीणों को इकट्ठा कर लिया।

फिर एकाएक ग्रामीणों की भीड़ पहुंचती गई। जिन्होंने युवक और उसकी प्रेमिका को इस गलती की सजा के तौर पर पहले पीटा, फिर दोनों के कपड़े उतरवा लिए। इसके बाद नग्न अवस्था में दोनों को गांव में घुमाया गया। फिर अलग-अलग लकड़ी में दोनों के हाथ बांध कर जमीन में बिठा दिया। इसी बीच वहां मौजूद एक ग्रामीण ने इनकी वीडियो भी बना ली। जब इस मामले की जानकारी पुलिस को मिली तो 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। SDOP ने बताया कि, अभी कार्रवाई चल रही है। कार्रवाई पूरी होने के बाद ही सारी जानकारी दी जाएगी। घटनाक्रम का फोटो-वीडियो वायरल होने के बाद पूरे मामले का पता चल पाया है।

## नव संकल्प शिविर में कांग्रेस नेताओं व वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**दुर्ग** ।दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी और शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को शिवनाथ नदी रोड स्थित आनंद मंगलम में आयोजित नव संकल्प शिविर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं प्रमुख वक्ताओं ने कार्यकर्त्ताओं का मार्गदर्शन कर जोश भरा। शिविर में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, दुर्ग जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी एवं खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन,विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष व महापौर निर्मल कोसरे, पूर्व महापौर आरएन वर्मा,प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री राजेन्द्र साहू, ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष क्षितिज चंद्राकर, सभापति राजेश यादव,शहर कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल,भिलाई कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर,जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव,जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख,दुर्ग नगर पालिक निगम के एमआईसी सदस्य ऋषभ जैन(बाबू) के अलावा अन्य नेता शामिल हुए। नव संकल्प शिविर में कांग्रेस के नेताओं व वक्ताओं ने सत्ता और संगठन पर चर्चा की। इसके अलावा कृषि व खेतिहर मजदुरों की समस्याओं,सामाजिक न्याय व सशक्तिकरण, महंगाई, बेरोजगारी पर प्रकाश डाला।

## बाल संप्रेक्षण गृह से भाग गए 3 नाबालिग

### एक तो तीसरी बार फरार हुआ है, हत्या समेत दूसरे मामले में थे आरोपी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में बाल संप्रेक्षण गृह में बंद 3 नाबालिग फरार हो गए हैं। इनमें से एक पर हत्या का आरोप था। जबकि अन्य दो दूसरे मामले में आरोपी थे। बताया गया कि इनमें से एक नाबालिग तीसरी बार भागा है। मामले में जांच शुरू की गई है।

जानकारी के मुताबिक, जिले के बरोडा बाजार से में शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह है। यहां 18 साल से कम उम्र वाले नाबालिगों को रखा जाता है, जो किसी अपराध में शामिल होते हैं। ऐसे ही 3 नाबालिगों को यहां रखा गया था। जो महासमुंद जिले के ही रहने वाले हैं।

इन तीनों से एक हत्या के मामले में आरोपी है। बाकी के 2 किसी और मामले में आरोपी हैं।



सोमवार रात को खाना खाने के बाद सभी सो गए थे। ये तीनों भी सो गए थे। अगल दिन जब प्रबंधन के लोग उठे तो देखा कि चैनल गेट का ताला खुला हुआ है। अंदर ये तीनों भी नहीं थे। जिसके बाद तीनों को काफी तलाशा गया। मगर इनका कुछ पता नहीं चल पाया। इसके बाद पूरे मामले का पता चला है। मामले का पता चलने के बाद तीनों की तलाश शुरू की गई है। कहा जा रहा है कि इनमें से एक तो पहले भी 2 बार भाग चुका था। बावजूद प्रबंधन ने इन पर ठीक से निगरानी नहीं रखी और तीनों भागने में कामयाब हो गए। फिलहाल तीनों की तलाश शुरू कर दी है। लेकिन तीनों के नाम अभी सामने नहीं आ सके हैं। इस मामले में इस बात का पता भी लगाया जा रहा है कि आखिर तीनों के पास चाबी कहां से आई, जिससे उन्होंने ताला खोला और भाग गए।

बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह पहुंचे रायपुर-

## एयरपोर्ट पर सांसद सोनी ने किया स्वागत, पूर्व मंत्री के बेटे की शादी में होंगे शामिल

**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह मंगलवार की शाम रायपुर पहुंचे। उनका स्वागत रायपुर के एयरपोर्ट पर सांसद सुनील सोनी ने किया। सोनी समेत भारतीय जनता पार्टी के अन्य नेता भी एयरपोर्ट पर दिखे। सौदान सिंह अपने निजी प्रवास पर रायपुर आए हैं।

दरअसल पूर्व मंत्री राजेश मूणत के बेटे की शादी समारोह में सौदान सिंह शामिल होंगे। भारतीय जनता पार्टी के तमाम बड़े नेता इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। गुरुवार को सौदान सिंह वापस लौट जाएंगे। सौदान सिंह लंबे वक्त तक छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश प्रभारी का जिम्मा डी.पुरंदेश्वरी संभाल रही है। वैसे



तो सौदान सिंह रायपुर दौरा गैर राजनीतिक बताया जा रहा है। हालांकि माना जा रहा है कि छत्तीसगढ़ के संगठन की स्थिति पर कुछ पुराने नेताओं सौदान सिंह चर्चा कर सकते हैं।

## एक नजर

### जल जीवन मिशन से हर घर में मिलेगी नल से जल-सीईओ अबिनाश मिश्रा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वयन सहायता एजेंसी (आईएसए) के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में किया जा रहा है। कार्यशाला के प्रथम दिवस के अंतिम सत्र में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने आईएसए के सदस्यों से मैदानी स्तर पर हो रही परेशानियों के बारे में संज्ञान लिया व साथ ही आश्वासन दिया कि उनके तरफ से हर संभव सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन की योजना पेयजल समस्या निवारण के लिए अमृत तुल्य है। उन्होंने हर घर नल से जल पहुंचाने के साथ ही जल संरक्षण के प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला के दूसरे दिन 14 मई को प्रशिक्षणार्थियों की टीम बनाकर तीन ग्राम संगीतराई, सूर्री और लिंजिर का फील्ड विजिट एवं अभ्यास किया गया। जिसमें जल जीवन मिशन के अनिवार्य अंग ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के साथ सहज संवाद करने के साथ ही एफ.टी.के. द्वारा जल गुणवत्ता परीक्षण, ग्राम कार्ययोजना का निर्माण तथा योजना के संचालन-संधारण आदि विषयों पर फील्ड अभ्यास किया गया। फील्ड अभ्यास के अनुभव पर विस्तृत चर्चा एवं फीडबैक के पश्चात अंतिम सत्र का समापन किया गया।

### ग्राम नांगाबुडा में पुलिस ने की नशे से आजादी पखवाड़ा की शुरुआत

**गरियाबंद** । पुलिस मुख्यालय के निर्देश में गरियाबंद पुलिस कप्तान जे0आर0 ठाकुर के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को दिनांक 12 जून से 26 जून 2022 तक *नशा से आजादी पखवाड़ा* जागरूकता कार्यक्रम मनाए जाने के संबंध में निर्देश दिए थे।

जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के लिए रैली एवं कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

मंगलवार को ग्राम नांगाबुडा में गरियाबंद सिटीकोटवाली प्रभारी गौतम चन्द्र गावड़े के मार्दर्शन में सहायक थाना प्रभारी टिका राम ध्रुव की उपस्थिति में *नशे से आजादी पखवाड़े* दिवस प्रारम्भ किया गया।इस दौरान टीकाराम ने ग्रामीणों को नशे से आजादी दिलाने के संबंध में समझाईस दिए,आज के युवाओं का नशे के प्रति आकर्षण अधिक होने और अपने कैरियर के प्रति जागरूक ना होने के संबंध में जानकारी दिए।आगे कहा कि नशा करना बुरी बात है, इससे समाज एवं खुद के परिवार में बुरा प्रभाव पड़ता है। इस आदत को हमें दूर भगाना है।इस अवसर पर सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### ध्वजारोहण के साथ कांग्रेस के नव संकल्प शिविर का हुआ समापन

**जगदलपुर** । बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर के जिला स्तरीय नव संकल्प शिविर में बस्तर के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, शहर प्रभारी डॉ. प्रीति नेताम, जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा, संसदीय सचिव/विधायक रेखचंद जैन, क्रेडा अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार महापौर सफीरा साहू की उपस्थिति में पार्टी का ध्वजारोहण किया एवं महात्मा गांधी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर राज्य गीत के साथ शिविर सम्पन्न किया गया।

जिला स्तरीय नव संकल्प शिविर में उपस्थित पार्टी के प्रमुख वक्ताओं ने कार्यक्रम के दौरान उदयपुर राजस्थान में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा आयोजित नव संकल्प शिविर भारत जोड़ो अभियान को विस्तार पूर्वक बताया गया, आगामी आम चुनाव के लिए रणनीतियों के साथ-साथ सभी पदाधिकारियों ने तथा संगठन के मध्य समन्वय के साथ संगठन की मजबूती एवं शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### आईआईटी भिलाई निर्माण के चलते परिवर्तित किया गया मार्ग

**दुर्ग** । कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार आईआईटी भिलाई द्वारा ग्राम कुटेलाभांठा स्थित आईआईटी कैम्पस में स्थायी रूप से परिसर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के फलस्वरूप भारी वाहनों एवं हल्के वाहनों का मार्ग परिवर्तित किया जा रहा है । 21 जून से वर्तमान मार्ग पूर्णत: अवरूद्ध करते हुए नवीन परिवर्तित मार्ग से आवागमन सुचारू रूप से संचालित रहेगा।

भारी वाहनों हेतु परिवर्तित मार्ग

जेवरा सिरसा चौक से कुटेलाभांठा होते हुए अवंतीबाई चौक मार्ग को परिवर्तित करते हुए जेवरा सिरसा चौक धमधा रोड से दुर्ग रोड में करहीडीह चौक से होते हुए अवंतीबाई चौक के लिए परिवर्तित रहेगा।

## न्याय योजनाओं ने बदली किसानों और ग्रामीणों की जिन्दगी

### कांकेर एवं जशपुर जिले के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने विकास प्रदर्शनी का किया अवलोकन

रायपुर। छत्तीसगढ़ में साढ़े तीन सालों में जो हुए विकास कार्यों की प्रदर्शनी राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान स्थित डीडीयू ऑडिटोरियम में लगाई गई है। इसमें राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी छायाचित्र एवं एलईडी के माध्यम से बेहद आकर्षक तरीके से प्रदर्शित की गई है।

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से लगातार ग्रामीणजन इस विकास प्रदर्शनी को देखकर इसकी सराहना कर रहे हैं। आज संसदीय सचिव संसदीय सचिव श्री शिशुपाल सोरी के नेतृत्व में



पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की नवाचारी योजनाओं से ग्रामीणों के जीवन में तेजी से बदलाव आ रहा है साथ ही उनकी आमदनी में भी लगातार इजाफा हो रहा है। जिससे उनके जीवनस्तर ऊपर उठ रहा है। विकास प्रदर्शनी का कांकेर जिले के निर्वाचित जन प्रतिनिधि, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हेमंत ध्रुव, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरोज ठाकुर सहित जनपद पंचायत नरहरपुर, भानुप्रतापपुर एवं कोतबा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के अलावा सदस्यगण एवं ग्रामीणों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सराहा। श्री ध्रुव ने बताया कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना ने कृषकों की जिंदगी बदल दी है। कृषकों की आमदनी में बढ़ोत्तरी होने से वे अपनी जरूरतों को पूरा कर पा रहे हैं। कांकेर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री हेमनारायण गजबल्ला ने बताया कि श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के माध्यम से लोगों को 50 से 72 प्रतिशत कम कीमत पर दवाईयों उपलब्ध हो पा रही है। आम लोगों को काफी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल योजना के माध्यम से गरीब बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पा रही है।

उल्लेखनीय है कि 21 मई से आयोजित यह विकास प्रदर्शनी 22 जून तक चलेगी। विकास प्रदर्शनी में राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना, सुराजी गांव योजना, राम वन गमन पर्यटन परिपथ, भेंट-मुलाकात, छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन, वन अधिकार पत्र वितरण, वनोपज संग्रहण तथा राजीव युवा मितान क्लब योजना के क्रियान्वयन और प्रदेश के लोगों तक पहुंच रहे इनके लाभों को आकर्षक छायाचित्रों और फिल्मों के जरिए प्रदर्शित किया गया है।

## अस्पतालों में सभी ग्रुप के ब्लड की हो पर्याप्त स्टॉक-कलेक्टर भीम सिंह

### सभी विभागों का शेड्यूल तैयार कर ब्लड डोनेशन कैंप का करें आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

वश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर आज रेडक्रास सोसाइटी द्वारा कलेक्टोरेट परिसर स्थित सृजन सभाकक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में कलेक्टर भीम सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने जिला ब्लड बैंक अधिकारी से ब्लड की नियमित उपयोग एवं डोनेशन की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने कहा कि आवश्यकतानुसार जिले के अस्पतालों में सभी ग्रुप के ब्लड पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होनी चाहिए। जिससे मरीजों को ब्लड त्वरित उपलब्ध हो सके। रक्तदान दिवस के अवसर पर आज 29 लोगों ने ब्लड डोनेट किया। जिन्हें कलेक्टर सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान



### विश्व रक्तदान दिवस पर रेडक्रास सोसाइटी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे। रक्तदान दिवस पर कलेक्टर सिंह ने कहा कि ब्लड के अनुपलब्धता में कई दुर्घटनाओं में घायलों की जान चली जाती है। ब्लड की मांग अनुसार डोनेशन को बढ़ाना आवश्यक है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने सीएमएचओ को सभी विभागों की शेड्यूल निर्धारित कर समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए। जिससे पर्याप्त मात्रा में ब्लड एकत्रित किया जा सके। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक संतोष अग्रवाल, रेडक्रास प्रबंधक मुकेश शर्मा, मेडिकल टीम में डॉ राकेश कुमार ब्लड बैंक इंचार्ज, डॉ. शिद्दार्थ साहिल, एस.ए.अफजल, टेक्नीशियन रामकिनकर गुप्ता सहित रेडक्रॉस की पूरी टीम उपस्थित रहे।



# सबसे बड़ा दान रक्तदान जो बचाता है दूसरों की जान

## एनएसएस के छात्र रक्तदान को लेकर घर-घर फैला रहे जागरूकता

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**थैलेसीमिया और सिकलिंग से संक्रमित बच्चे जिन्हें हर माह खून की जरूरत होती हैं वह रक्तदाताओं के कारण पूरी होती है। इलाज के लिए खून की जरूरत रक्तदाता ही पूरी करते हैं। लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने के लिए हर साल 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है।**

इस अवसर पर मंगलवार को कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष सृजन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसके अलावा जिलेभर में रक्तदान को लेकर विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए।

राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के छात्र गांव-गांव जाकर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं। एनएसएस के जिला संगठन प्रभारी भोजराम पटेल बताते हैं, श्रक्तदान के लिए एनएसएस के छात्रों को प्रेरित किया जाता है और यही छात्र दूसरों को भी प्रेरित करते हैं। हम जहां भी शिविर लगाते हैं वहां कोशिश रहती है कि रक्तदान शिविर का आयोजन करें। जिले में ब्लड रायगढ़ नाम की संस्था स्थापित करने वालों में से एक अमितेश गर्ग की मानें तो एक यूनिट रक्तदान में 350 मिलीग्राम खून लिया जाता है। रक्तदान के बाद हुई खून की कमी 24 घंटे में पूरी हो जाती है। एक यूनिट खून से एक यूनिट, प्लाज्मा एक यूनिट प्लेटलेट्स, एक यूनिट आरबीसी और एक यूनिट क्रायो मिलता है। इनसे अलग-अलग चार लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। हर तीन महीने के अंतराल पर दोबारा रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान के लिए शरीर का न्यूनतम वजन 45 किलो होना चाहिए। रक्तदान करने से हार्टअटैक और कैंसर की आशंका कम हो जाती है। ब्लड रायगढ़ संस्था ने भी लोगों से निवेदन है किया है वह अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें। यह समिति साल भर रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करती है और




### विश्व रक्तदाता दिवस पर विशेष

एक कॉल पर जरूरतमंद के लिए रक्त का प्रबंध करती है। संस्था के अमित पटेल बताते हैं। श्रक्त सबसे अनमोल रत्न है। एक बार दिया रक्त कई लोगों के चेहरे और जिंदगी में खुशी ला सकता है। उनका जीवन बचा सकता है। इसी कोशिश के तहत हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन करते है। रक्तदान करते समय 7 तरह के टेस्ट किए जाते हैं। अगर किसी व्यक्ति को कोई बीमारी है तो उसका भी पता चल जाता है। ऐसे लोग जिनके पास रक्तदाता होते हैं वो कई बार जानकर फोन लगाते हैं जिससे जरूरतमंद की मदद में देर होती है। जिन्हें वास्तव में जरूरत हो वह हमसे संपर्क करें। औसतन हर व्यक्ति को अपने पूरे जीवन में एक बार अपने या अपने परिवार में किसी के लिए रक्त की जरूरत होती है इसलिए कम.से.कम एक बार जरूर रक्तदान करें।

### जब करीबी की दूसरा करता है मदद तब समझ आता है महत्व

मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायगढ़ की पैथालॉजी की अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ. किरण भगत एमडी, पैथोलॉजीद्ध ने लोगों से रक्तदान करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने कहा, रक्तदान के कई फ ायदे हैं। हर तीन महीने में रक्तदान कर सकते हैं। इससे ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल मेंटेन रहता है। रक्त की एक बूंद लोगों की जान बचा लेती है। रक्तदान का महत्व हमको तब समझ में आता है जब हमारे किसी करीबी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता होती है। और जब हम उपलब्ध नहीं करा पाते हैं, इसलिए लोगों को ज्यादा से ज्यादा आगे आकर रक्तदान में भाग लेना चाहिए ताकि जरूरत के समय रक्त उपलब्ध हो सके। रक्तदान के प्रति मन में बैठी हुए गलत धारणाओं को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर भी दूर किया जा सकता है। रक्तदान दुनिया का सबसे बड़ा दान है जो जीवन बचाता है।

### क्यों मनाया जाता है यह दिवस

कार्ल लैंडस्टीनर के जन्मदिन के अवसर पर विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। कार्ल लैंडस्टीनर का जन्म 14 जून 1868 को हुआ था। उन्होंने 1900 में रक्त समूह की खोज की थी। वह एक ऑस्ट्रियाई जीवविज्ञानी और चिकित्सक थे, जिन्हें चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस दिवस का आयोजन पहली बार 2004 में विश्व स्वास्थ्य संगठन और द इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा किया गया था। 2005 में विश्व स्वास्थ्य संगठन की 58वीं बैठक में 192 देशों द्वारा विश्व रक्तदान दिवस को आधिकारिक रूप से मान्यता दी गई थी।

### कौन कर सकता है रक्तदान

*रक्तदान करने के लिए रक्तदाता की उम्र 18 से 60 साल के बीच होनी चाहिए जिसका वजन 45 किलोग्राम से अधिक हो। शारीरिक रूप से सेहतमंद होना भी जरूरी है। खून में हीमोग्लोबिन का स्तर 12.5 जीडीएल या इससे ऊपर होनी चाहिए। रक्तदान करने के 24 घंटे पहले शराब, धूम्रपान और तम्बाकू का सेवन नहीं किया गया हो। रक्तदान करने वाले व्यक्ति को ब्लड प्रेशर, कैंसर, एड्स जैसी बीमारी नहीं होनी चाहिए। एक सेहतमंद व्यक्ति हर 3 महीने में रक्तदान कर सकता है।*

# कलेक्टर भीम सिंह ने चपले गौठान में संचालित विभिन्न गतिविधियों का किया निरीक्षण

### उपकरणों के संचालन की ट्रेनिंग कार्यो को शीघ्र पूर्ण कर प्रोडक्शन प्रारंभ करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर भीम सिंह ने आज खरसिया विकासखंड के चपले गौठान का निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह ने गौठान में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने मॉडल गौठान के तहत प्राप्त मशीनों के संचालन के लिए प्रदान किए जाने वाले ट्रेनिंग को शीघ्र पूर्ण करते हुए प्रोडक्शन प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने महिला समूह से चर्चा करते हुए उनके आय एवं ब्रिकी के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को समूह के बनाए उत्पादों को ब्रिकी के लिए सी-मार्ट अथवा स्थानीय लिंकेज पर कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे समूह को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। गौठान निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने गौठान में कार्यरत विभिन्न समूहों के गतिविधियों के साथ उनके आय एवं ब्रिकी की भी जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने सर्फ निर्माण करने वाली समूह से चर्चा करते हुए समूह के आय में बढ़ोत्तरी के लिए अस्पताल एवं छात्रावास में लिंकेज के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने पेपर प्लेट निर्माण करने वाली समूह से चर्चा की एवं स्थानीय मांग के अनुसार पेपर की क्वालिटी में सुधार के निर्देश दिए। जिससे समूह के उत्पादों की विश्वसनीयता बनी रहे।

उन्होंने फाइल व फोल्डर निर्माण करने वाली समूह से चर्चा की, समूह ने बताया कि 35 हजार तक की ब्रिकी की जा चुकी है एवं मांग बनी हुई है। समूह ने कलेक्टर को पेपर कटिंग उपकरण की आवश्यकता बतायी। जिस पर कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारी को डिमांड बना कर भेजने के निर्देश दिए। जिससे समूह को कार्य करने में आसानी हो। कलेक्टर सिंह ने सेनेटरी पैड निर्माण करने वाली समूह के कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने समूह से ब्रिकी के संबंध में चर्चा की, समूह के सदस्यों ने बताया कि वर्तमान में 40 हजार रुपये से अधिक की सेनेटरी नेपकिन की ब्रिकी की जा चुकी है। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने डिमांड के अनुसार नेपकिन निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूह के माध्यम से ब्रिकी की जाए एवं नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। जिससे सेनेटरी पैड की उत्पादन मांग के अनुसार बनी रहे। कलेक्टर सिंह ने पापड़ बनाने वाली मशीन को देखा। समूह द्वारा मशीन संचालन की ट्रेनिग पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी जताई एवं शीघ्र ट्रेनिग करवाने के निर्देश दिए।

# सारा ग्रामीण योगमय होगा के तहत गांव-गांव में योग

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।





21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। जिसके लिए अभी से तैयारी शुरू हो गई है। विकासखंड धरमजयगढ़ में संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के कैडर को ग्राम स्तर में योग कराने भेजा जा रहा है। जिसमें नारा दिया गया है सारा ग्रामीण योगमय होगा। बिहान योजना के क्षेत्रीय समन्यवक, बीपीएम, पीआरपी, एफ एलसीआरपी, सक्रिय महिलाओं ने गांव-गांव जाकर योग के बारे में बताते हुए योग करा रहे हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। जिसमें संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्वीकार कर लिया। जिसके बाद से 21 जून 2015 से योग दिवस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाने लगा। योग दिवस को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए अधिकारी, कर्मचारियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। ग्रामीण स्तर पर सफ ल बनाने बिहान योजना के कैडरों को जिम्मेदारी दी गई है। जिसपर धरमजयगढ़ की टीम गांव गांव पर आज योग कराते नजर आए।





## एक नजर

### पुटकापुरी में योग महोत्सव आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पंचायत पुटकापूरी में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में समूह के महिलाओं द्वारा बिहान योग महोत्सव का आयोजन पुटकापूरी के माली भवन में किया गया। योग शिक्षक मुरलीधर गुप्ता एवं बीपीएम छाया ईश्वर के मार्गदर्शन से अनुलोमविलोम, भस्त्रिका प्राणायाम, कपालभाति प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, उदगीत और हाथ, पैर, गले का सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार, योगा गीत, संगीत एवं रैली के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया।

### शिक्षा विभाग रायगढ़ द्वारा 16 जून को नटवर स्कूल प्रांगण में मनाया जाएगा वृहद शाला प्रवेशोत्सव

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ जिले में 16 जून को शासकीय नटवर स्कूल प्रांगण में जिला स्तरीय विकासखंड व संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव-2022 वृहद स्तर पर मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 16 जून 2022 को अपरान्ह 2 बजे से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश के जिलों के बच्चों से सीधे ऑनलाइन जुड़ेंगे और प्रदेश के किसी भी जिले के बच्चे से सीधे ऑनलाइन मॉनिटर के माध्यम से वार्तालाप करेंगे। इस बार का शाला प्रवेशोत्सव ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मोड पर संचालित होगा। जिले में शाला प्रवेशोत्सव का उक्त कार्यक्रम जिला, विकासखंड, संकुल एवं प्रत्येक विद्यालय स्तर पर पूरे उत्साह के साथ आयोजित किए जाने व शासन के साथ-साथ समाज के सभी प्रबुद्ध जनों, शिक्षित महिलाओं, विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों, अभिभावकों, शिक्षकों तथा आंगनबाड़ी सेविकाओं की सहभागिता व सहयोग की अपील की गयी है।

#### तिलक-वंदन कर नौनिहालों का होगा स्वागत

शाला प्रवेशोत्सव-यानि उत्सव नौनिहालों के प्रवेश का जिसे नई ऊर्जा और आनंद के साथ मनाया जाना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु शाला प्रवेशोत्सव के इस वृहद कार्यक्रम में नवागत नौनिहालों का तिलक-वंदन कर स्वागत करते हुए उन्हें नि:शुल्क गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। स्कूल चले हम अभियान के तहत विद्यालयीन स्तर पर नि:शुल्क गणवेश वितरण, पाठ्य पुस्तक वितरण, मध्यान्ह भोजन, साइकिल वितरण, छात्रवृत्ति वितरण आदि योजनाओं के माध्यम से शिक्षा को प्रोत्साहित करने का यह पुनीत प्रयास हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जारी रहेगा।

### भाजयुमो का राज्य सरकार के खिलाफ पुतला दहन का असफल प्रयास

**गरियाबंद।** मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल के नेतृत्व में भुपेश बघेल का पुतला जलाने की प्रयास किया गया,लेकिन पुलिस विभाग की चाकचौबन्ध व्यवस्था के चलते युवा मोर्चा द्वारा किये जा रहे पुतला दहन असफ्ल रहा,वही राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध किया गया।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री व पूर्व आई एस ओपी चौधरी के खिलाफ कांग्रेस सरकार द्वारा सणयंत्र कर एफ आई आर दर्ज कराया गया जिसके खिलाफ आज भारतीय जनता युवा मोर्चा ने असफ्ल पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज किया।इस बीच युवा मोर्चा के सदस्यों के द्वारा तिरँगा चौक के सड़क में बैठक नारेबाजी किया गया , लेकिन यातायात सुचारू रूप से संचालित रहा।कार्यक्रम में उपस्थित जिलामंत्री मिलेशवरी साहू,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष तोरण सागर,आनंद ठाकुर मंडल अध्यक्ष राजडे महामंत्री मंडल भाजयुमो,मनीष यादव,उपाध्यक्ष मंडल भाजयुमो,अल्प संख्याक प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष सलीमभाई अविनाश दिवान मंडल प्रभारी,अजय डोंगरे शा. स्व.मंडल सह प्रभारी राघवेंद्र बामबोडे,खिलेश साहू,हरेंद्र दिवान,कुन्दन रामटेके, चंदन रामटेके,बंटी सिन्हा,किसन लाल साहू,कैलाश नागेश, बबलू ध्रुव,सोहन गुप्ता,सोहन गुप्ता, महेश मारकंडे, राजेश साहनी,सतीश साहनी,तारक निषाद, प्रियांशु सेन, सागर सिन्हा,तुषार निषाद,गोलू नेताम,तारेश कुटारे,हिमांशु मरकाम,प्रदीप सेन,शिवराम पटेल,प्रहलाद साहू,सोनू बामबोडे, कान्हा देवदास,अविनाश कुटारे उपस्थित थे।

# बीएसपी के सर्विसेस जोन के कार्मिक कर्म व पाली शिरोमणि पुरस्कार से हुए सम्मानित

**भिलाई** । सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सर्विसेस संगठन विभागों में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सर्विसेस) सभागार में षिरोमणि पुरस्कार योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट व अनुकरणीय कार्य संपादित करने वाले विभाग के कर्मचारियों को षिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सर्विसेस) एस एन आबिदी विषेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान चीफ फायर ऑफिसर बी के महापात्रा, ईएमडी के जीएम इंचार्ज बी के सिन्हा, आरएमडी के जीएम इंचार्ज आई सेनगुप्ता तथा प्रबंधक (कार्मिक सेवाएं), एम वी वी प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी (सर्विसेस), एस एन आबिदी ने माह जनवरी से मार्च-2022 के लिए आरएमडी के प्रबंधक पवन कुमार मल्होत्रा को बेहतरीन कार्य निष्पादन के लिए पाली षिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। इसी क्रम में जनवरी-2022 के लिए एमआरडी के चार्जमेन-कम-सीनियर ऑपरेटर कमलेष कुमार राजपूत को एवं फरवरी-2022 के लिए फायर ब्रिगेड के फायरमेन तोरण लाल साहू तथा मार्च-2022 के लिए ईएमडी चार्जमेन-कम-टेक्नीषियन रघू राम साहू को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके तहत उन्हें स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं उनकी धर्मपत्नी के लिए भी प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आबिदी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में सम्मानित कर्मचारियों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और विश्वास व्यक्त किया कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार विभाग की प्रगति के लिये कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्षन प्रबंधक (कार्मिक) एम वी वी प्रसाद ने किया।

# जिला कांग्रेस कार्यालय में हुआ नव संकल्प शिविर का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**उदयपुर में आयोजित कांग्रेस पार्टी के नव संकल्प शिविर के बाद कांग्रेस में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है जिसका परिणाम भी सबके सामने आते जा रहा है। बिखरी पड़ी कांग्रेस में नई जान आ गई है।**







कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व समझ चुकी है कि यही एक चाबी है जिससे अलग-थलग पड़ चुके कांग्रेस को नवगठित कर देश की सबसे बड़ी और पुरानी कांग्रेस को फिर से खड़े किया जा सकता है। इसी उद्देश्य को लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व ने नव संकल्प शिविर को पूरे भारत भर में करवाने का निर्णय लिया और सभी राज्यों को निर्देशित कर जल्द से जल्द अपने स्तर में नव संकल्प शिविर का आयोजन करें आदेशित किया। उसी के परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ राज्य में भी पिछले दिनों रायपुर में नव संकल्प शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें निर्णय लिया गया किए हम भी अपने छत्तीसगढ़ राज्य में जल्द से जल्द शिविर का जिला स्तरीयग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में इसका आयोजन किया जाए। इसी कड़ी में 14 जून को रायगढ़ जिला काँग्रेस कमेटी शहर में नव संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रायगढ़ जिला कांग्रेस प्रभारी और बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में रायगढ़ के लोकप्रिय विधायक प्रकाश नायक रहे। अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ शहर के जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला ने किया। नव संकल्प शिविर का सफल संचालन प्रभारी महामंत्री शाखा यादव ने किया। और आभार व्यक्त वसीम खान द्वारा किया गया। नव संकल्प शिविर की मुख्य अतिथि वाणी राव ने कहा किए अक्सर जब महंगाई चरम पर पहुंचती है तो देश को ऐसा बातों के जाल में फंसाते हैं और मुद्दों से भटकने के लिए तमाम चालाकियों का प्रयोग करते हैं ताकि जनमानस उनकी मीठी बातों में उलझ जाए और मुख्य मुद्दे से भटक जाए यही नीति हमेशा अपनाते रहने के कारण इनकी बार.बार की चालाकियां जग जाहिर हो चुकी हैं अब लोग इन्हें और इनके कृत्य को भलीभांति समझ चुके हैं। आज हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार गांव गरीब किसान मध्यमवर्गीय निम्नवर्गीय सभी के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने भूमिहीन किसानों को भी सालाना प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। कोरोना काल में छत्तीसगढ़ के उद्योग धंधे प्रभावित नहीं हुए। हमारे प्रदेश के किसान कोविड के समय खुशहाल रहे जबकि अन्य प्रदेशों में किसानों और मजदूरों की हालत चिंताजनक थी। वही छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना से हजारों रोजगार सृजित हुए महिलाएं और गौ पालक आत्मनिर्भर बने गोबर से कम्पोस्ट दिया रंग व अन्य सामान तैयार कर महिला समूहों ने पैसे ही पैसे कमाए। इस गोठानों की तारीफ राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। व इरच शासित राज्य भी अन्य नाम से इस मॉडल को अपने प्रदेश में प्रारम्भ कर रहे हैं। रायगढ़ के वधायक ने नव संकल्प शिविर में अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक स्वर्णिम इतिहास रहा है और कांग्रेस पार्टी ही वही पार्टी है जिसने भारत देश को विकसित किया। हमें अच्छे से जानकारी होनी चाहिए कि जब भारत आजाद हुआ तब न स्वास्थ्य सुविधाएं थी न शिक्षा का प्रसार थाए न हवाई अड्डे थे। न ही कल कारखाने थे। अजादी कि बाद हरितक्रांति की शुरुवात पंडित नेहरू के कार्यकाल में हुई। आज हमारे देश में सरप्लस अनाज का भंडार है। उन्होंने आगे कहा कि दुर्दशा का जो समय पिछले 8 साल में देश को देखने को मिला है वैसा समय पूर्व में कभी नहीं रहा। केंद्र की सरकार केवल झूठ की बुनियाद पर ही खड़ी है। जो जल्द ही ढह जाने वाली है क्योंकि जुमले की भाजपा सरकार जो अच्छे दिन का स्वप्न दिखाके सत्ता में काबिज हुई है देश के लोग इनके मंसूबों को भांप चुके हैं आज महंगाई के हालात ने देशवासियों को बदहाली में ला दिया है। डीजल पेट्रोल जो 50 से 60 रुपये लीटर थे। वह: आज 90 और 100 रुपये के ऊपर हैं वही एल पी जी सिलेंडर का भाव भी 1000 के पार हो गया है। रहर दाल 200 और खाने का तेल भी 200 तक पहुंच चुका है। इस प्रकार देश के अधिकांश लोगों का घरेलू बजट बिगड़ चुका है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल शुक्ला अपने उद्बोधन में कहा कि हम निंदा प्रस्ताव पारित करते हैं। नव संकल्प शिविर के लिए अध्ययन जरूरी है आज इरच ने विपक्षी पार्टी पर हमारे शीर्ष नेताओं पर विभिन्न शासकीय संस्थाओं द्वारा नाना प्रकार के हथकंडों से हतोत्साहित किया जा रहा है जिसका आज के सदन में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। केंद्र सरकार में सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है जिसको मोदी सरकार अपने विरोधियों को परेशान करने के लिए उपयोग कर रही है।जिसका हम विरोध करते हैं।

# धरमजयगढ़ भाजपा कार्यकर्ताओं ने रैली निकाल मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

गांधी चौक धरमजयगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन किया। दोपहर 3 बजे यादव भवन में कार्यकर्ताओं की बैठक रखी गई थी। जहां बैठक को संबोधित करते हुए टीकाराम पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार बौखला गई है।



प्रदेश की जनता कांग्रेस की रीति नीति को जान चुकी है। अपने हाथ से कुर्सी जाने के डर से भूपेश बघेल भाजपा कार्यकर्ताओं पर अत्याचार कर रही है। सच्चाई सुनने के लिए भूपेश बघेल के पास हिम्मत नहीं है। कांग्रेस का छोटा से छोटा कार्यकर्ता भ्रष्टाचार में लिप्त है। पटेल ने युवाओं को बताया कि जब भाजपा संघर्ष कर रही तब पांच सात कार्यकर्ता ही मिलकर आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन करते थे। अब भाजपा कार्यकर्ताओं की संख्या करोड़ो में है। गोकुल यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में हो रहे कोयला चोरी को भाजपा नेता ओपी चौधरी ने सोशल मीडिया में पोस्ट की है। जिस कारण भूपेश बघेल सरकार की पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं ओपी चौधरी के खिलाफ दर्ज फर्जी एफआईआर का जब रायगढ़ में विरोध किया गया। तब रायगढ़ में भी भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफ आईआर दर्ज किया गया है। बैठक जगन्नाथ यादव, मोती बेहरा, शशि पटेल ने भी संबोधित किया। बैठक के बाद कार्यकर्ता भूपेश बघेल मुर्दाबाद के नारे लगाते रैली निकाल बाजार से बस स्टैंड का चक्कर लगाते गांधी चौक पहुंचे। जहां पर पुतला दहन को रोकने थाना प्रभारी पहले से पुलिस बल के साथ तैनात थे। वहीं तहसीलदार धरमजयगढ़ भोजराम डहरिया भी मौके पर उपस्थित थे। युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रणनीति के तहत भूपेश बघेल के पुतले में आग लगा दी। तब पुलिस वालों ने पुतला में लगी आग को बुझाने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। इस बीच जलते पुतला को लेकर पुलिस एवं कार्यकर्ताओं में छीनाझपटी भी हुई। जिसमें किसी किसी को आग की हल्की फु ल्की आंच लगी है। भाजपा कार्यकर्ता पूरे जोश में दिखाई दे रहे थे। क्योंकि पुतला दहन के बाद भी कई मिनटों तक नारे बाजी करते रहे। इस पुतला दहन कार्यक्रम में युवाएं महिला मोर्चा के साथ भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

## एक नजर

### अज्ञात कारणों से बुजुर्ग ग्रामीण ने किया कीटनाशक का सेवन,अस्पताल में भर्ती

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ क्षेत्र के नरकालों गांव में एक 58 वर्षीय ग्रामीण बुजुर्ग की कीटनाशक सेवन कर जान देने का मामला सामने आया है। जिसे सूचना पर धरमजयगढ़ इमरजेंसी वाहन 112 आरक्षक 1125 सोनेलाल कुजूर व चालक अमित भगत द्वारा प्राथमिक उच्चार के लिए धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां ग्रामीण बुजुर्ग का फिलहाल इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 2 बजे धरमजयगढ़ क्षेत्र के नरकालों गांव से जहर खुरानी के विषय मे 112 को सूचना मिली खबर पर तत्काल 112 की टीम मौके के लिए रवाना हो गई बताया जा रहा है नरकालों निवासी जैन सिंह उम्र 58 वर्ष खेत मे डालने के लिए घर मे रखे कीटनाशक दवा का सेवन कर जान देने की कोशिश की है जिसे 112 की टीम द्वारा उपचार के लिए धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज जारी है लेकिन यहां बता दें 58 वर्षीय ग्रामीण बुजुर्ग ने किन परिस्थितियों में ऐसा घातक कदम उठाया है यह फिलहाल अज्ञात है।



### लाखझार कबीर आश्रम में धूमधाम से कबीर प्रकट्य दिवस मनाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



जशपुर जिला पत्थलगांव के कबीर आश्रम लाखझार में कबीर प्राकट्य दिवस बड़े धूम-धाम से मनाया गया साथ ही उपस्थित महंत दीवान को सम्मानित किया गया। जिसमें पूरे क्षेत्र के कबीरपंथी एक जुट होकर सतगुरु कबीर साहेब के पूजा चौका आरती पान प्रसाद ग्रहण किया वही सत्पुरुष कबीर साहेब के जन्म दिवस के उपलक्ष में केक काटकर बधाइयां दी गई। आपको बता दें कि पत्थलगांव लाखझार के कबीर आश्रम कबीर अनुयायियों के लिए एकता का प्रतीक के रूप में बनता जा रहा है जिसमें पनिका समाज ही नहीं बल्कि सभी समाज के लोग कबीर की बोली वचन को अनुसरण कर उनके कहे मार्ग में चलकर सद्भावना एकता से मिल रहे हैं जिसमें पनिका समाज के कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान है।

### भालू का शिकार, तीन गिरफ्तार

भालू के अंग एवं चीतल के खाल तथा सींग बरामद

**गरियाबंद** ।मुख्य वन संरक्षक रायपुर वृत्त रायपुर जेआर नायक के मार्गदर्शन में एवं वनमण्डलाधिकारी गरियाबंद मंयक अग्रवाल के निर्देशानुसार गरियाबंद परिक्षेत्र अंतर्गत उर्तुली परिसर के ग्राम आमदी द में कक्ष क्रमांक 641 सतीनदी के पास 12 जून 2022 को सुबह 8 बजे वन्यप्राणी भालू के अवैध शिकार की घटना की सूचना मिली तत्पश्चात विभाग के द्वारा तहकीकात की गई एवं तहकीकात में सहयोग के लिए तत्काल जंगल सफारी से डॉग स्क्वॉड बुलाया गया। डॉग स्क्वॉड के द्वारा अभियुक्तों के घर पर दबिश दी गई जिसके आधार पर विभाग द्वारा तलाशी ली गई तलाशी में प्यारेलाल पिता पिताम्बर जाति गोड,ग्राम जैतपुरी के घर बाड़ी पर गये जहां पर बाड़ी के भीतर 1 नग चीतल का खाल (सूखा) बरामद किया गया तत्पश्चात् चैतराम पिता कुशल जाति गोड़ ग्राम आमदी ( द ) के घर वालों से पूछताछ किया गया एवं तलाशी ली गई तलाशी में भालु के शरीर का अवशेष 3 नग नाखून प्राप्त हुए एवं उपयोग में लाये गये कुल्हाड़ी, जिसे चैतराम के द्वारा कुल्हाड़ी से पंजा काटना स्वीकारा गया। चैतराम से पूछताछ करने पर अपने साथी मोहन पिता सुग्रीव चक्रधारी, ग्राम आमदी (द) का शामिल होना बताया गया उसके बाद उक्त व्यक्ति के घर जाकर पूछताछ एवं छानबीन करने पर चीतल का 1 नग सिंग एवं भालू का गुप्तांग घर से बरामद किया गया ।उक्त आरोपियों के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 13769 / 23 दिनांक 12/06/2022 दर्ज कर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9 39 (1) 44, 49, 50, 51, 52 एवं 57 के तहत दिनांक 13 / 06 / 2022 को न्यायालय गरियाबंद के समक्ष प्रस्तुत किया गया न्यायालय द्वारा तीनों आरोपियों को जेल भेजा गया।

## निर्माण कार्यो की गति बढ़ाने के साथ गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



कलेक्टर भीम सिंह ने आज खरसिया विकासखंड के निर्माणाधीन स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यो एवं उपयोग किए जा रहे सामग्रियों की जांच की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंह ने निर्माणाधीन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यो की धीमी गति पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने स्कूल प्रारंभ से पूर्व अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने ठेकेदार को निर्देशित किया। कार्यो की गुणवत्ता के लिए पीडब्लूडी के अधिकारी पर नाराजगी जताते हुए, मॉनिटिरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने 15 दिवस में अतिरिक्त कक्ष के निर्माण को पूर्ण करने के निर्देश दिए जिससे शिक्षण कार्यो का संचालन प्रारंभ किया जा सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने खरसिया स्थित मुख्यमंत्री युवा केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान युवा केन्द्र संचालक से मूलभूत आवश्यक सुविधा एवं विद्यार्थियों की संख्या की जानकारी ली। विद्यार्थी उपस्थिति पंजी की जांच में विद्यार्थियों की संख्या कम होने एवं पानी की व्यवस्था नहीं करने पर संचालक पर गहरी नाराजगी जताई। मुख्यमंत्री युवा केन्द्र में पानी की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश एसडीएम को दिए। कलेक्टर सिंह ने बीईओ को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम खरसिया अभिषेक गुप्ता, जनपद सीईओ हिमांशु साहू, डीएमसी देवांगन, सहायक संचालक शिक्षा अग्रवाल एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन ने बाईक को मारी ठोकर, दो घायल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ क्षेत्र के खरसिया मार्ग में स्थित रांची ढाबा के पास मुख्य मार्ग में एक अज्ञात वाहन बाईक सवार को ठोकर मार कर निकल गई, हादसे में बताया जा रहा है बाइक सवार दो लोगों को गंभीर चोट आई है जिनका इलाज धरमजयगढ़ हॉस्पिटल में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पोरिया निवासी युवक अजय एक्का पिता कलम साय एक्का उम्र करीब 35 वर्ष साथ ही सुकलाल एक्का उम्र 23 वर्ष जो अपने रिस्तेदारी में किसी महिला को डिलीवरी के लिए धरमजयगढ़ के बायसी स्वस्थ्य केंद्र लेकर आए हुए थे और किसी काम से धरमजयगढ़ नगर आकर वापस बायसी अस्पताल जा रहे थे उसी दरमियान मुख्य सड़क में एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गए। वाहन बाइक को ठोकर मारकर निकल गई जिसमें दोनों बाइक सवार जख्मी हो गए जिन्हें कुछ लोगों की मदद से एवं 112 की टीम आरक्षक 1125 सोनेलाल कुजूर व चालक अमित भगत द्वारा इलाज के लिए तत्काल धरमजयगढ़ हॉस्पिटल पहुंचाया गया जहां फिलहाल दोनों घायल का उपचार जारी है।

## संसदीय सचिव ने संवेदनशील टोपर पंचायत के युवाओं को खेल सामग्री प्रदान की

ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने के लिए

**जगदलपुर** ।विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव (नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग) रेखचंद जैन ने ग्रामीण खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत टोपर के युवाओं को क्रिकेट किट, फुटबॉल एवं वालीबॉल किट प्रदान किया।

इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा की हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की मंशा अनुरूप खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में खेल विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है शहर में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए गांधी मैदान हाथा ग्राउंड, सिटी ग्राउंड एवं इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम का जीर्णोद्धार किया गया है इसके अलावा धरमपूरा में क्रिडा परिसर में शहीद गुंडाधूर तीरंदाजी एकेडमी का निर्माण किया गया है उन्होंने कहा की टोपर पंचायत बहूत ही सूदूर संवेदनशील वनांचल की ग्राम पंचायत है जो पूर्व में मावलीपदर पंचायत में शामिल था पर अब यह पंचायत अलग होकर स्वतंत्र पंचायत है जिससे इस पंचायत का विकास हो सकेगा इस क्षेत्र के युवाओं की खेल सामग्री की मांग थी जिसे पूरा किया गया है अब यहां के बच्चों को खेल सुविधाओं की कमी नहीं होगी।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पत्थलगांव ने बोरबेल में फंसे राहुल की सलामती के लिए किया पूजा अर्चना

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



जांजगीर जिले के पिहरीड गांव में 5 दिन पूर्व बोरबेल में फंसे 10 वर्षीय राहुल की सकुशल बाहर निकालने व उसकी स्वास्थ्य की कामना को लेकर मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पत्थलगांव द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना किया। और इस संकट की घड़ी में परिजनों को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की ।इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पूजा अर्चना कर राहुल की दिर्घायु की कामना किया। इस दौरान वीरेन्द्र यादव ने कहा की जांजगीर जिले के पिहरीड गांव में 5 दिन पूर्व 10 वर्षीय बालक राहुल एक बोरवेल के 50 फीट गहरे गड्ढे में अचानक गिर जाने एवं 100 घंटे से ज्यादा समय से बोरवेल में फंसे राहुल को बचाने को शासन-प्रशासन द्वारा लगातार उन्हें सकुशल बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन 5 दिनों से अंदर फंसे रहने के कारण राहुल के स्वस्थ्य बिगड़ते जा रहा है। उन्होंने कहा कि एबीवीपी परिवार राहुल की सलामती व स्वास्थ्य सुधार लिए लगातार प्रार्थना कर रही है। वही जिला संयोजक गुलशन पांडेय ने कहा कि 100 घंटे से ज्यादा तक बोरबेल में गिरने से राहुल की लगातार उनके स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। उन्होंने दिर्घायु की कामना करते हुए परिजनों को धैर्य व शक्ति प्रदान करने का कामना की है। इस मौके पर जिला संयोजक गुलशन पाण्डेय, नगर मंत्री वीरेन्द्र यादव, कार्यालय मंत्री आदित्य मिश्रा, नगर विद्यालय प्रमुख अमन गुप्ता, कार्यकारणी सदस्य महेन्द्र महंत, आयुष शर्मा, शिवांस शर्मा, भास्कर शर्मा,शिवम शर्मा, अमन सिंह,अभिनव पाण्डेय, कृष्णा दर्जी, सौरभ अग्रवाल,रमन पैंकरा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## लैलूंगा क्षेत्र के युवाओं ने हजारों की संख्या में किये युवक कांग्रेस में सदस्यता ग्रहण

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

रायगढ़ जिले के लैलूंगा विधान सभा के अंतर्गत गांव-गांव में भारी जोश खरोस के साथ युवक कांग्रेस की सदस्यता अभियान बहुत ही काफी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया है।



वहीं ग्रामीण अंचल के अधिकांश नव युवक इन दिनों युवा कांग्रेस में स्वस्फूर्त अपने मतदाता पहचान पत्र को लेकर सामने आकर बकायदा ऑनलाइन युथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर किया है। आपको बता दें की इसी कड़ी में लैलूंगा विधान सभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के प्रखर वक्ता तथा कद्दावर आदिवासी नेता पूर्व विधायक हृदय राम राठिया ने तमनार क्षेत्र से पधारे युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ आसपास के गांव में जाकर-जाकर युवक कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करा रहे हैं। जहां लैलूंगा एवं तमनार क्षेत्र के कई हजार युवाओं ने युवक कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराया गया वहीं पूर्व विधायक हृदय राम राठिया ने कहा की छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल की जन कल्याणकारी योजनाओं से प्रेरित होकर लैलूंगा विधान सभा क्षेत्र के युवा वर्ग बहुत प्रभावित हुआ है। और वर्तमान में चल रही युवक कांग्रेस की मतदान में भी बहुत तेजी से क्षेत्र के युवा बड़ चड़ कर मतदान कर रहे हैं। लैलूंगा विधान सभा अध्यक्ष पद के दावेदार प्रभात पटनायक को क्षेत्र के सर्वाधिक युवाओं ने व्होट किया है। जो की प्रभात पटनायक का चुनावी परिणाम बहुत बेहतर और अच्छे नतीजे के साथ चुनाव जीतने की प्रबल संभावना व्यक्त की जा रही है। गौर तलब है कि तमनार के वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता मुकंद मुरारी पटनायक के सुपुत्र हैं जो की किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं।

वे छात्र राजनैतिक जीवन से ही एक उभरते हुए युवा कार्यकर्ता हैं। जो की अपने मेहनत और लगन के दम पर आज युवाओं के बीच अपनी अच्छी पकड़ बनाये हुए हैं। और मजेदार बात यह है कि प्रभात ने अपने पिता के नक्शे कदम पर चल कर युवाओं के बीच जा रहे हैं, और पिता-पुत्र दोनों लैलूंगा क्षेत्र में डटे हुए हैं। इन्हें क्षेत्र के युवाओं के प्रति पूरी निष्ठा व विश्वास है कि वे इन्हें पूर्ण बहुमत के साथ विजयी दिलायेंगे।

## पेड़ से गिरकर युवक की मौत, वहीं फांसी लगाकर आत्महत्या करने की दो अलग -अलग घटना

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



सुबह-सुबह धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र से अलग अलग घटना में तीन लोगों की मौत की खबर सामने आई है। जिसमें एक युवक की पेड़ से गिरने पर मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं एक वृद्ध एवं एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या की गई है। पहली घटना पेड़ से गिरने पर युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र की ग्राम नकना की है। जहां हरियर कुजूर पिता मनीराम कुजूर उम्र 35 वर्ष सुबह लगभग 6 बजे अपने पत्नी व बच्चे के साथ जंगल गया हुआ था। जहां हरियर की पत्नी सुखी लकड़ी इकट्ठा करने में लगी थी। वहीं हरियर कुजूर बकरी के लिए पत्ता तोड़ने पेड़ पर चढ़ा था। उसी समय पेड़ से लड़खड़ाते हुए हरियर कुजूर नीचे गिरा। जहां मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके परिजनों ने धरमजयगढ़ थाने में सूचना दी है। दूसरी घटना धरमजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम भवंरखोल की है। जहां आज सुबह 80 वर्षीय बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मृतक डोकरीराम अगरिया पिता जीतन अगरिया उम्र 80 वर्ष निवासी भवँरखोल सुबह उठकर दिनचर्या में लग गया। घर में उसका बेटा लोहार का काम कर रहा था। जो पानी लेने बस्ती आया था। जब वापस जाकर देखा तो डोकरी राम घर पर नहीं था। जब निकलकर बाहर देखा तो उसके होश उड़ गए क्योंकि जंगल किनारे पेड़ पर पिता डोकरीराम की लाश लटक रही थी। जिसकी जानकारी अपने परिजनों एवं सरपंच को दिया। वहीं थाने पहुंचकर घटना की सूचना दी। बुजुर्ग द्वारा फांसी लगाने का कारण पता नहीं चला है। बता दें कि मृतक की पत्नी अपने बेटी के घर मेहमान गई है। तीसरी में शराबी पति द्वारा पत्नी के सिर पर वार कर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या करने की घटना सामने आई है। धरमजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम उदउदा में एक अधेड़ उम्र के पुरुष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक मानसिंह बैगा पिता मनबोध बैगा उम्र 55 वर्ष निवासी उदउदा ने गांव किनारे बेरकमुड़ा जंगल में फांसी लगाकर जान दे दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक मानसिंह शराब का आदि था जो कल भी शराब का सेवन किया हुआ था। शाम को किसी बात पर पति पत्नी में अनबन हो गया। जिससे गुस्सा, मानसिंह ने अपने पत्नी के सिर पर वार कर दिया। जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ी। पत्नी को मरा हुआ समझकर वह घर से भाग गया। मृतक का लड़का आज सुबह जब खोजते हुए जंगल तरफ गया तो देखा कि मानसिंह पेड़ पर फांसी लगा लिया है। जिसकी जानकारी परिजनों को दी। वहीं धरमजयगढ़ थाने पहुंचकर घटना की सूचना दी। तीनों घटना में पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in